





सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




आवश्यकता है
मीडिया हाउस में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रॉसिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 46 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 29 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### कबीरधाम जिला कांग्रेस कमेटी का बड़ा एक्शन, पार्टी ने 10 नेताओं को किया बाहर



**कबीरधाम।** जिले में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा चुनाव में भितरघात को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। कमेटी ने प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष समेत 10 बड़े नेताओं को पार्टी से छह साल के लिए सस्पेंड कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीलाल साहू ने आदेश जारी किया है। इनमें सभी नेता पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के हैं।

सस्पेंड किए जाने वालों में सबसे बड़ा नाम तुकाराम चन्द्रवंशी है, जो प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष हैं। वर्तमान में ये जिला पंचायत सदस्य भी हैं इसके अलावा खेलूराम साहू ग्राम बासिनझोरी, मोहम्मद इदरिश ग्राम जमुनिया, चन्द्रभान सिंह (पप्पू ठाकुर) नगर पंचायत पंडरिया, जगतारण सिंह ग्राम गौरमाटी, रविकांत बैस ग्राम कड़कड़ा, राजेन्द्र मारकंडे ग्राम मगरवाह, ठाकुर राम वर्मा ग्राम नवापारा ग्राम पंचायत डोंगरिया, पालन बैस ग्राम दशरंगपुर व अशोक वैष्णव ग्राम डबरी शामिल है। इन नेताओं के खिलाफ एआईसीसी व पीसीसी के पंडरिया विधानसभा के चुनाव प्रभारी की रिपोर्ट पर कार्रवाई की गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन सभी ने कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ काम किया है, जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है।




### छत्तीसगढ़, एमपी व राजस्थान समेत 5 राज्यों के एग्जिट पोल कल


**रायपुर।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों का आखिरी चरण 30 नवंबर को है। 30 नवंबर को तेलंगाना की सभी 119 सीटों पर मतदान होगा। तेलंगाना में मतदान खत्म होने का इंतजार मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में भी किया जा रहा है।

इसके तत्काल बाद एग्जिट पोल जारी किए जाएंगे। मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़ और राजस्थान के ये एग्जिट पोल एक अंदाजा देंगे कि चुनाव परिणाम कैसे हो सकते हैं? वहीं असली नतीजे मतगणना वाले दिन यानी 3 दिसंबर, रविवार को जारी होंगे।

# छत्तीसगढ़ में मतगणना की तैयारियां पूरी सबसे पहले आएगा भिलाई का नतीजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। आगामी 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के लिए छत्तीसगढ़ में तैयारियां पूरी कर ली गई है। राज्य की कुल 90 सीटों के लिए 7 और 17 नवम्बर को दो चरणों में मतदान हुआ था। मतदान के बाद अब 3 दिसंबर को मतगणना होगी। इसके लिए सभी 33 जिला मुख्यालयों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में से सबसे कम मनेन्द्रगढ़ एवं भिलाई नगर में 12 राउंड में मतगणना होगी। यहां का रिजल्ट सबसे पहले आएगा। इसके बाद रायपुर उत्तर का रिजल्ट आएगा, यहां 14 राउंड में मतगणना होगा। वहीं कवर्धा में सबसे अधिक 30 राउंड में मतगणना होगी। इसके बाद कसडोल- पंडरिया में 29 राउंड में मतगणना होगी।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी मतगणना केंद्रों में प्रेक्षकों की निगरानी में होने वाली मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी, जिसमें सबसे पहले सेवा मतदाताओं के मतों की गणना होगी। सबसे पहले ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम) से प्राप्त मतों के क्यूआर कोड की स्कैनिंग की जाएगी। उसके बाद डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। साढ़े आठ बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ मतगणना शुरू होगी।

#### यह होगी प्रक्रिया

- मतगणना के समय कंट्रोल यूनिट में दिखाई देने वाले रिजल्ट प्रत्याशियों के एजेंट, गणना सहायकों को दिखाएंगे।
- गणना सहायक ईवीएम में दिखाई देने वाले रिजल्ट को क्रमांकवार प्रारूप 17 सी के भाग दो में भरेंगे।
- गणना सहायकों को कहा गया कि वे परिणाम को सही एवं सावधानीपूर्वक प्रपत्र में भरेंगे।
- अपने निर्धारित टेबल पर ही रहने के निर्देश दिए गए।

### किसी भी टेबल पर जा सकेंगे प्रत्याशी

मतगणना के दौरान प्रत्याशी किसी भी टेबल पर जाकर मतगणना को देख सकेंगे। जबकि प्रत्याशी के एजेंट सिर्फ निर्धारित टेबल पर ही मतगणना का निरीक्षण करेंगे। मतगणना की पूरी कार्यवाही मतगणना प्रेक्षक तथा सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति तथा निगरानी में होगी। इस दौरान प्रत्येक राउंड की समाप्ति पर प्रत्याशी या उनके एजेंट की उपस्थिति एवं प्रेक्षक की निगरानी में रैंडम आधार पर किसी दो कंट्रोल यूनिट की जांच की जाएगी। इसके अलावा सभी राउंड की गणना पूर्ण होने पर पांच वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपेट) का ड्रॉ के माध्यम से चयन कर मतों का सत्यापन किया जाएगा।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं ले पाएँगे

पूरी मतगणना प्रक्रिया की रिकार्डिंग भी रखी जाएगी। इस दौरान प्रेक्षक तथा रिटर्निंग ऑफिसर को छोड़कर मतगणना कक्ष में किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा कोई भी अन्य व्यक्ति अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण यथा आईपेड, रिकार्डर, वीडियो कैमरा जैसे अन्य उपकरण नहीं ले जा सकेंगे।

### वोटों की गिनती का मिला प्रशिक्षण

मतगणना 03 दिसंबर को सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में सुबह 08 बजे से किया जाएगा। इसके लिए पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी में मतगणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे और जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर्स डॉ. अजीत हुंडेट एवं राकेश डेढगवे ने बताया कि डाक मतपत्र की गणना शुरू होने के 30 मिनट बाद मशीन से गणना की शुरुआत होगी।

#### हर टेबल में तीन कर्मचारी

प्रत्येक टेबल में तीन कर्मचारी मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक तथा माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। उसके बाद ईवीएम से प्राप्त वोटों की गिनती रिटर्निंग अधिकारियों की घोषणा के बाद शुरू की जाएगी। सबसे पहले टेबल में कंट्रोल यूनिट लाया जाएगा तथा मतपत्र लेखा भाग-दो अलग से दो प्रतियों में दिया जाएगा। उसके बाद कंट्रोल यूनिट में लगे सील की जांच कर उसे खोलेंगे। इसके बाद टोटल बटन दबाएंगे। ईवीएम में प्रदर्शित टोटल मतदान को मतपत्र भाग-1 से मिलान किया जाएगा। इसके बाद रिजल्ट का बटन दबाया जाएगा।

## भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंचा, 2023 में 15 फीसदी का इजाफा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण बुधवार को पहली बार चार ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 305.44 अंक चढ़कर 66,479.64 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार में खरीदारी की बदौलत बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बुधवार को सुबह के कारोबार में 3,33,26,881.49 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। 83.31 रुपये के विनिमय मूल्य पर यह राशि चार ट्रिलियन डॉलर से अधिक है।

वैश्विक बाजारों में भारतीय शेयर बाजार मार्केट के लिहाज से अमेरिका, चीन, जापान और हांगकांग के बाद पांचवें स्थान पर है। जबकि निफ्टी कैलेंडर वर्ष में अब तक 10त्न से अधिक मजबूत हुआ है। भारत का एम-कैप 2023 में लगभग 51 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया है। ऐसा छोटे और मिडकैप शेयरों के बेहतर प्रदर्शन और दलाल स्ट्रीट पर एक के बाद एक आने वाले आईपीओ के कारण है। भारत मई 2021 तीन ट्रिलियन डॉलर के क्लब में शामिल हुआ था।



लगभग 48 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ, अमेरिका अब तक दुनिया का सबसे बड़ा इक्विटी बाजार है। इसके बाद चीन (9.7 ट्रिलियन डॉलर) और जापान (6 ट्रिलियन डॉलर) का स्थान है।ब्लूमबर्ग के डेटा के मुताबिक, इस कैलेंडर ईयर में अब तक भारत का मार्केट कैप करीब 15 पर्सेंट बढ़ा है, जबकि चीन के मार्केट कैप में 5 पर्सेंट की गिरावट आई है। टॉप-10 मार्केट कैप क्लब में अमेरिका एकमात्र ऐसा मार्केट है, जो 17 फीसदी के साथ भारत की तुलना में तेज रफ्तार से बढ़ा है। इस साल दुनिया के सभी बाजारों का संयुक्त मार्केट कैप 10 प्रतिशत बढ़कर 106 ट्रिलियन डॉलर हो गया है।

## सुरंग में कैद 41 मजदूर सुरक्षित निकले बाहर मशीन की जगह हाथों ने कर दिया कमाल

### परिजनों ने मनाया जश्न, पीएम मोदी ने की मजदूरों से बात

श्रीकंचनपथ न्यूज

देहरादून। दिवाली के दिन से उत्तरकाशी की निर्माणाधीन सुरंग में कैद 41 श्रमिक बाहर आ गए हैं। रैट माइनर्स की टीम ने मंगलवार को मजदूरों को सुरंग से बाहर निकालने में सफलता पाई। बीते 17 दिनों से कई टीमें बचाव अभियान में जुटी थीं। आगर मशीन के फेल होने के बाद रैट माइनर्स की टीम को बुलाया गया। जिसके बाद श्रमिकों को बाहर निकालने में सफलता मिली। मशीनों पर हाथ भारी पड़े और मजदूरों को सफलता पूर्वक बाहर निकाल लिया गया।



उत्तरकाशी में सिल्क्यारा सुरंग से उनके सफल बचाव की खबर मिलने पर 41 फंसे हुए श्रमिकों के परिवार के सदस्यों के चेहरे पर राहत और खुशी छा गई। लंबे समय तक हताशा सहने वाले परिवारों ने बचाव का जश्न मनाया और अपने प्रियजनों को वापस लाने के लिए सरकार को तहे दिल से धन्यवाद दिया। उन्होंने पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। परिवार के कुछ सदस्य श्रमिकों का हाल जानने के लिए उनके साथ वीडियो कॉल पर लगे रहे। कई रिश्तेदार, जो घटना के कुछ दिन बाद घटनास्थल पर पहुंचे थे और तब से वहीं डेरा डाले हुए थे, आखिरकार अपने प्रियजनों से मिल गए।

### देश में अब तक का सबसे बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन

17 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद 41 मजदूरों को सफलतापूर्वक बाहर निकालने वाला ऑपरेशन सिलक्यारा किसी सुरंग या खदान में फंसे मजदूरों को निकालने वाला देश का सबसे लंबा रेस्क्यू ऑपरेशन बना गया है। इससे पहले वर्ष 1989 में पश्चिमी बंगाल की रानीगंज कोयला खदान से दो दिन चले अभियान के बाद 65 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला गया था।

### 20 दिन छुट्टी और एक-एक लाख की सहायता

सीएम धामी ने बताया कि एजेंसी ने सभी 41 मजदूरों को 15 से 20 दिन का अवकाश व एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी मजदूर स्वस्थ हैं। खास बात यह रही कि वे स्ट्रेचर की बजाय रेंगकर पाइप से बाहर आए। मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सभी स्वस्थ्य हैं। उन्होंने बचाव अभियान के दौरान निरंतर समर्थन और प्रेरणा के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कहा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीफोन पर की श्रमिकों से बात

17 दिन बाद उत्तराखंड की सिल्कयारा सुरंग से सफलता पूर्वक बचाए गए श्रमिकों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टेलीफोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि बाबा केदार की कृपा से आप सभी सुरक्षित बाहर आए हैं। कहा कि 16 दिन सुरंग में रहना बहुत हिम्मत की बात है, लेकिन आप लोगों ने हिम्मत बनाए रखी। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फोन कर शुभकामनाएं दीं। और श्रमिकों के बारे में मुख्यमंत्री से जानकारी ली।

## 12.5 किलो की एक गोली छलनी कर देगी दुश्मन का जहाज

### भारतीय नौसेना को मिलेगी खतरनाक गन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना को बहुत जल्द 16 सुपर रैपिड गन माउंट मिलने वाले हैं। रक्षा मंत्रालय ने इन खतरनाक बंदूकों के लिए भेल हरिद्वार के साथ समझौता किया है। ये डील 2956.89 करोड़ रुपए की है। ये खास तरह की ऑटोकैनन है, यानी ऑटोमैटिक तोप. जिसकी गोलियां आम तोप के गोलों से छोटी लेकिन बड़ी मशीन गन की गोलियों से बड़ी होती हैं।

इस गन की डिजाइन और निर्माण इटली की कंपनी ने किया था। लेकिन भारत में इसे लाइसेंस के तहत बनाता है। ये ऐसी बंदूक है, जिसका इस्तेमाल एंटी-मिसाइल प्वाइंट डिफेंस, एंटी-एयरक्राफ्ट, एंटी-सरफेस और ग्राउंड सपोर्ट के लिए कर सकते हैं।



इस बंदूक में कई तरह की गोलियां लगाई जा सकती हैं। जैसे- आर्मर पीयर्सिंग यानी बख्तरबंद को छेदने वाली। इंसेन्डरी, डायरेक्टेड फ्रेग्मेंटेशन इफेक्ट्स या गाइडेड राउंड्स। यह बंदूक आमतौर पर 7.5 टन की होती है। इसकी नली यानी बैरल 62 कैलिबर और 186 इंच लंबी होती है। इसमें लगने वाली हर गोली का वजन 12.5 किलोग्राम होता है। फायरिंग के बाद जो खोखा गिरता है, उसी का वजन 6.3 किलोग्राम होता है। गोलियों का कैलिबर 76.2 मिलिमीटर होता है। यानी 3 इंच. इसकी नली माइनस 15 डिग्री से लेकर 85 डिग्री तक घूम सकती है। यानी दुश्मन किसी भी कोने में भाग नहीं सकता। यह चारों तरफ घूमते हुए हमला करती है।

अगर कॉम्पैक्ट मोड में फायरिंग की जाए तो यह 85 राउंट प्रति मिनट की दर से। सुपर रैपिड मोड में 120 राउंट प्रति मिनट की दर से फायरिंग करके दुश्मन के छक्के छुड़ा देती हैं। इसकी गोलियां 3000 फीट प्रति सेकेंड की गति से आगे बढ़ती हैं। दुश्मन को बचने का मौका ही नहीं मिलता। इसकी रेंज 16 हजार से 40 हजार मीटर यानी 16 से 40 किलोमीटर होती है। ये रेंज उसके तीन अलग-अलग वैरिएंट्स के हैं।

### इंडियन नेवी की पहली पसंद

भारतीय नौसेना के विशाखपट्टनम क्लास विध्वंसक, कोलकाता क्लास विध्वंसक, राजपूत क्लास विध्वंसक, गोदावरी क्लास फ्रिगेट, ब्रह्मपुत्र क्लास फ्रिगेट, शिवालिक क्लास फ्रिगेट, कोरा क्लास कॉर्वेट, कमोर्ता क्लास कॉर्वेट, वीर क्लास कॉर्वेट और एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत पर तैनात है।

## अब बंद करो ये सुविधाओं का रोना धोना

श्रीकंचनपथ




भिलाई इस्पात संयंत्र में काम करने वाले नौकरी पाकर खुश हैं। पर कुछ लोगों से उनकी खुशी देखी नहीं जा रही। वो केवल मुद्दों की तलाश में रहते हैं कि इन्हें यह नहीं मिल रहा, वो नहीं मिल रहा, इमारतें खंडहर हो रहीं। क्या हक है उनको इस तरह रोने की? उनका क्या लगा है? देश को जवाहर लाल पसंद नहीं। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम पसंद नहीं। उनके बच्चे सरकारी नौकरी करना नहीं चाहते। सबकी नजर मल्टी नेशनल कंपनी की मोटी तनख्वाह पर है। वो पांच दिन के सप्ताह और दो दिन का पिकनिक चाहते हैं।उन्हें ओवरटाइम करके पैसे नहीं कमाने। वो चाहते हैं कि उनके बच्चे अच्छी शिक्षा हासिल करें। प्रतियोगिता की तैयारी करें। विदेशों में जाकर नौकरी करें।अपने लाइफ के साथ कुछ अच्छा करें। उनकी नजर केवल मोटी तनख्वाह पर है। इस तनख्वाह से वो अपनी जरूरतें पूरी कर सकते हैं। परिवार का इलाज, बच्चों की शिक्षा के लिए वह अपने हिसाब से खर्च करना पसंद करते हैं। अब सार्वजनिक क्षेत्र वेतन के मामले में उनका मुकाबला तो नहीं कर सकता। वह केवल नौकरी की सुनिश्चितता दे सकता है। ठीक-ठाक वेतन दे सकता है।जरूरी सुविधाएं दे सकता है।पर अब यह भी भारी पड़ने लगा है।कभी सोचा है कि एमएनसी मोटी तनख्वाह कैसे दे पाती है? वो एक भी पैसा फालतू का खर्च नहीं करती। अब कोई कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए आवास बनाए, उनका मेंटेनेंस करे। उनकी चिकित्सा की अच्छी व्यवस्था करे और इस्पात बनाने के साथ साथ अस्पतालों का संचालन करे। अपने कर्मचारियों के बच्चों के लिए स्कूलों का संचालन करे और यहां भी निजी स्कूलों से प्रतिस्पर्धा करे। यह भी हो जाता पर सार्वजनिक क्षेत्र पर एक और मजबूरी है। वह केवल क्वालिटी देखकर काम नहीं कर सकता। उसपर सरकारी क्षेत्र के आरक्षण संबंधी नियम भी लागू होते हैं।भर्ती चाहे डाक्टरों की हो या शिक्षकों की, उसे कोटे का भी हिसाब देना होता है। इतना झंझट कोई क्यों करे? अपने कर्मचारियों को सार्वजनिक क्षेत्र इतनी पगार तो देता ही है कि वह अपने लिए अच्छा सा स्वास्थ्य बीमा करवा ले। अपने बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा का प्रबंध कर सके। उसकी पगार में खुद अपने भविष्य निधि का संचय करने, यहां तक कि जमीन दुकान में निवेश करने की भी पर्याप्त गुंजाइश होती है।सरकारी नौकरी उसे सुरक्षित भविष्य की गारंटी तो देती ही है। फिर यह रोना धोना क्यों? वैसे भी नए दौर में सार्वजनिक क्षेत्र सरकारों पर बोझ जैसा है। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र का प्रबंधन निजी हाथों को सौंपना चाहती है। पर इससे पहले उसे कुछ कदम उठाने होंगे।उसे कंपनियों से जुड़े फालतू के खर्च बंद करने होंगे। इसकी शुरुआत काफी पहले हो चुकी है।अब कर्मचारियों को केवल अच्छी तनख्वाह मिलेगी। परिवार, स्वास्थ्य और भविष्य की चिंता खुद करनी होगी। अस्पताल भी विनिवेश के लिए तैयार है। बस सही वक्त का इंतजार है।




## संपादकीय

# अंधेरी सुरंग से फूटा जीवन का उजाला

उजाले के पर्व दिवाली के दिन जिन 41 परिवारों के आंगन में अंधेरे का साया मंडराया था, मंगलवार को उन घरों में असली दिवाली मानने का मौका आया। सारा देश उन श्रमिकों के सुरक्षित बाहर आने के लिये प्रार्थना कर रहा था, जो 12 नवंबर को ऑलवेदर रोड के लिये बनायी जा रही सिलक्यारा सुरंग धंसने से उसके अंदर फंस गये थे। शायद भारत के इतिहास में पहला मौका होगा कि आम श्रमिकों को बचाने के लिये इतने बड़े पैमाने पर बचाव-राहत का अभियान चलाया गया। कदम-कदम पर बाधाएं आई। लेकिन केंद्र व उत्तराखंड सरकार की सजगता-सक्रियता आखिर रंग लायी और हादसे के सत्रहवें दिन 400 घंटे तक गुफा में फंसने के बाद सारे श्रमिक सकुशल बाहर निकले। इस बात की मुक्तकंठ से प्रशंसा करनी होगी कि कई केंद्रीय मंत्रालयों, बचाव कार्य में लगी राहत एजेंसियों, सेना, वायु सेना, बीआरओ तथा अंतर्राष्ट्रीय सुरंग विशेषज्ञों ने एकजुट होकर इस अभियान में भाग लिया। भारत ने दुनिया को संदेश दिया कि उसके लिये हर नागरिक की जिंदगी कीमती है, अब चाहे वह एक आम श्रमिक क्यों न हों। निश्चित रूप से इस अभियान ने उन करोड़ों श्रमिकों का मनोबल बढ़ाया है जो राष्ट्र निर्माण के कार्य में प्राणपण से जुटे हैं। उनमें संदेश गया कि देश को उनके योगदान का भान है और उनकी चिंता पूरे देश को है। हमें उन श्रमिकों के मनोबल की प्रशंसा करनी होगी, जिन्होंने सत्रह दिन तक भयावह परिस्थितियों में धैर्य नहीं खोया। इतने लंबे चले बचाव अभियान के दौरान कई लोग गहरे अवसाद में आ सकते थे। लेकिन फंसे श्रमिकों तक समय पर हवा, पानी, बिजली व भोजन भेजने की व्यवस्था ने उनका मनोबल बढ़ाया कि राष्ट्र उनके लिये फिक्रमंद है और उन्हें बचाने के गंभीर प्रयास निरंतर जारी हैं। निश्चित रूप से इन श्रमिकों के बचाव के लिये चलाया गया यह सफल अभियान इस बात का प्रमाण है कि विभिन्न सरकारों, मंत्रालयों व राहत-बचाव में लगी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल से हर मुसीबत का सामना किया जा सकता है।

> “ जिन मोटे पाइपों के जरिये, ऊपर से गिरे मलबे के बीच से गुजारकर, श्रमिकों को बाहर निकाला गया, उन्हें निर्माणधीन सुरंगों के साथ अनिवार्य रूप से लगाया जाना चाहिए। यदि ऐसा हादसा होता है तो किसी सुरंग के धंसने की स्थिति में बचाव का रास्ता बचा रहे।

बहरहाल, सिलक्यारा सुरंग धंसने और उसके बाद चले बचाव अभियान में आई बाधाओं ने हमें तमाम सबक दिये हैं। यह भी कि ऐसी सुरंग बनाने से पहले भूस्खलन की आशंका और पहाड़ की क्षमता का वैज्ञानिक आधार पर मूल्यांकन किया जाना चाहिए। साथ ही ऐसी सुरंगों के भीतर उनके धंसने की स्थिति में राहत-बचाव कार्य की वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। जिन मोटे पाइपों के जरिये, ऊपर से गिरे मलबे के बीच से गुजारकर, श्रमिकों को बाहर निकाला गया, उन्हें निर्माणधीन सुरंगों के साथ अनिवार्य रूप से लगाया जाना चाहिए। यदि ऐसा हादसा होता है तो किसी सुरंग के धंसने की स्थिति में बचाव का रास्ता बचा रहे। साथ ही नीति नियंताओं को ध्यान रखना चाहिए कि दुनिया के सबसे युवा हिमालयी पहाड़ों पर बड़ी विकास योजनाओं का बोझ किसी सीमा तक डाला जाना चाहिए। केदारनाथ त्रासदी, हिमाचल में मानसून में आई तबाही, सिक्किम की हालिया प्राकृतिक आपदा और जोशीमठ में जमीन धंसने की घटनाओं को ध्यान रखकर बड़ी विकास परियोजनाओं की दिशा-दशा तय की जानी चाहिए। साथ ही हमें ऐसी आपदाओं से बचाव में मानवीय प्रयासों को भी कमतर नहीं आंकना चाहिए। ऐसे समय में जब ऑपरेशन टनल अपने आखिरी दौर में पहुंच रहा था तो ऑगर मशीन के ब्लेड टूटने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन टीम में निराशा छा गई थी। फिर रैट माइनर्स ने अथक प्रयासों से निराशा को आशा में बदल दिया। आज देश में लाखों करोड़ रुपये की लागत से तमाम सुरंगें बनायी जा रही हैं। ऐसी तमाम विकट स्थितियां फिर पैदा न हों, इस दिशा में गंभीर प्रयासों की जरूरत है। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि ग्लोबल वार्मिंग के संकट के दौर में प्रकृति के मूल स्वरूप से खिलवाड़ कम से कम हो। निस्संदेह, विकास वक्त की जरूरत है, लेकिन प्रकृति से सामंजस्य बनाया जाना भी उतना ही जरूरी है।

## पड़ोस नीति का पेच

नई दिल्ली स्थित अफगानिस्तान दूतावास के अधिकारी जब पिछले 30 सितंबर को यहां से चले गए, तब उसके बाद भारत सरकार के पास लगभग आठ हफ्तों का वक्त था, जिस दौरान वह देश में अफगानिस्तान की राजनयिक उपस्थिति को सुनिश्चित कर सकती थी। लेकिन अब यह साफ है कि ऐसा करने में भारत सरकार ने दिलचस्पी नहीं ली। नतीजतन, बीते शुक्रवार को अफगान दूतावास स्थायी रूप से बंद हो गया। दूतावास ने भारत सरकार की ओर से आ रहीं चुनौतियों का हवाला देते हुए अपना काम-काज बंद करने का एलान किया है। इसके पहले बीते 30 सितंबर को दूतावास ने भारत सरकार से समर्थन न मिलने, अफगानिस्तान के हितों को पूरा करने में अपेक्षाओं पर खरा न उतर पाने, और कर्मियों एवं संसाधनों की कमी के कारण कामकाज अस्थायी रूप से रोकने की बात कही थी। साफ है, अगस्त 2021 में काबुल पर तालिबान के काबिज होने के बाद अफगानिस्तान और भारत के बीच पैदा हुई खाई को भरने की कोशिश दोनों में से किसी पक्ष ने नहीं की।

अगस्त 2021 के घटनाक्रम को भारत सरकार ने इस क्षेत्र के लिए एक जोखिम के रूप में चित्रित किया था। निरपेक्ष रूप से देखा जाए, तो यह एक सही समझ है। लेकिन एक दूसरी समझ यह है कि कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तरजीह राष्ट्र हित को दी जानी चाहिए। अपनी भू-राजनीतिक स्थिति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई उभरती परिस्थितियों के कारण अफगानिस्तान एक ऐसा देश बना हुआ है, जहां भारत को लगातार अधिकतम प्रभाव बनाए रखने की कोशिश में जुटे रहना चाहिए। बीते एक साल में अफगान सरकार और पाकिस्तान के बीच संबंध जिस हद तक बिगड़े हैं, संभव है कि उसे भारत के नजरिए से एक सकारात्मक घटना के रूप में देखा जाए। गौरतलब है, चीन ने भी हालांकि तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है, लेकिन वह लगातार उससे संपर्क बढ़ाता चला गया है। बात अफगानिस्तान को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना में शामिल करने तक पहुंच गई है। ऐसे में यह एक पेचीदा, लेकिन विचारणीय प्रश्न है कि अफगानिस्तान से बचा-खुचा कूटनीतिक संपर्क भी टूट जाना क्या भारत के हित में है?

## भारत की ब्रिक्स दुविधा

पाकिस्तान ने ब्रिक्स की सदस्यता के लिए अर्जी दे दी है। ब्रिक्स में परंपरा आम-सहमति से निर्णय लेने की है। ऐसे में भारत की अकेली असहमति भी पाकिस्तान की सदस्यता रोक सकती है। मगर ऐसा करते हुए भारत के अलग-थलग पड़ने का अंदेशा है।

पाकिस्तान ने ब्रिक्स की सदस्यता लेने के लिए औपचारिक रूप से आवेदन कर दिया है। गौरतलब है कि इसका एलान सबसे पहले मास्को स्थित पाकिस्तानी राजदूत ने किया। खबरों के मुताबिक रूस पाकिस्तान को ब्रिक्स समूह में लाने का पूरा समर्थन कर रहा है। हाल में रूस और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक और राजनयिक संपर्क बढ़ा है। उधर ब्रिक्स के मौजूदा अध्यक्ष दक्षिण अफ्रीका ने कुछ समय पहले ब्रिक्स संबंधी एक बैठक में पाकिस्तान को भी आमंत्रित किया था। चीन का हाथ तो हमेशा ही पाकिस्तान की पीठ पर रहता है। ऐसे ब्रिक्स के पांच मूल सदस्यों में से तीन का झुकाव इस समय पाकिस्तान के पक्ष में दिख रहा है। उधर जो छह नए सदस्य इस समूह में शामिल हुए हैं, उनमें से भी कई का साथ उसे मिल सकता है। उनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और मिस्र शामिल हैं। इथियोपिया को भी इस पर कोई एतराज होगा, इसकी संभावना नहीं है। वैसे एतराज शायद ब्राजील और ईरान को भी नहीं हो।

> “ छत्तीसगढ़ में जहां पहले ही धान का खरीद मूल्य अधिक यानी प्रति क्विंटल 2,640 रुपये था, कांग्रेस पार्टी ने प्रति क्विंटल 3200 रुपये का विश्वास दिलाया, इस आश्वासन के साथ कि प्रति एकड़ अंत के 20 क्विंटल इस दाम पर खरीदे जायेंगे। वहीं भाजपा के घोषणापत्र के मुताबिक, यदि पार्टी सत्ता में आती है तो वह धान का भाव 3,100 रुपये प्रति क्विंटल देगी और इस रेट पर वह प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदेगी।

# हकीकत भी बनें उपज की कीमत बढ़ाने के चुनावी वादे

देविंदर शर्मा



विश्व में सबसे पुराने नीलामी घरों में से एक है न्यूयार्क स्थित ऑक्शन हाउस सोदबी, जिसे अब पेंटिंग, कलाकृतियों व प्रतिष्ठापूर्ण आभूषणों के बजाय कृषि पदार्थों के मूल्यों की ओर रुख करने पर विचार करना चाहिये। अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए सोदबी कृषि पदार्थों की कीमतों पर भी नीलामी शुरू करने की सोच सकता है।

यदि नीलामी घर कृषि उपज की ज्यादा ऊंची कीमतें प्राप्त करने का उद्यम शुरू करता है, वह भी ऐसे वक्त जब भारत में लोकतंत्र का उत्सव यानी चुनाव प्रक्रिया जारी हो तो वैश्विक स्तर पर सोदबी एक लोकप्रिय नाम के तौर पर उभरकर सामने आयेगा। केवल भारत में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में किसान उस नीलामी पर पैनी नजर रखेगा।

दरअसल, बीते दिनों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्रों में किसानों के लिए किये वादों में अंतर मालूम करना मुश्किल हो रहा था, तो शायद सोदबी किसानों को बेहतरीन कीमतें प्रदान करके कुछ और अच्छा कर सकती थी।

ज्यादा महत्वपूर्ण यह कि ऐसी किसी नीलामी के बाद जो अंतिम कीमत सामने आती है किसान को उस पर और ज्यादा यकीन होगा, इस उम्मीद के चलते कि नीलामी में भागीदारी कर रहे राजनीतिक दल अपने किये वादे से पीछे नहीं हटेंगे। चुनावी राज्य मध्यप्रदेश में सबसे पहले जारी किये गये कांग्रेस घोषणापत्र में गेहूं और धान के लिए ज्यादा ऊंची कीमतें प्रदान करने का वादा था।

धान के दाम प्रति क्विंटल 2,040 रुपये (पहले घोषित) के बजाय कांग्रेस ने 2,500 रुपये प्रति क्विंटल का आश्वासन दिया था। भाजपा का घोषणापत्र भी उसके सियासी प्रतिद्वंद्वी द्वारा किये वादे के बराबर या उससे बढ़कर बनाने की कोशिश की गयी। धान के मामले में, भाजपा ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किये। कांग्रेस ने भी बाद में इसके समान कर दिया। राजस्थान में कांग्रेस ने स्वामीनाथन के फार्मूले को लीगल गारंटी प्रदान करने का आश्वासन दिया था।

छत्तीसगढ़ में जहां पहले ही धान का खरीद मूल्य अधिक यानी प्रति क्विंटल 2,640 रुपये था, कांग्रेस पार्टी ने प्रति क्विंटल 3,200 रुपये का विश्वास दिलाया, इस आश्वासन के साथ कि प्रति एकड़ अंत के 20 क्विंटल इस दाम पर खरीदे जायेंगे। वहीं भाजपा के घोषणापत्र के मुताबिक, यदि पार्टी सत्ता में आती है तो वह धान का भाव 3,100 रुपये प्रति क्विंटल देगी और इस रेट पर वह प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदेगी। तेंदु पत्ता के संग्रह के लिए भाजपा ने 5,500 रुपये का प्रस्ताव दिया तो कांग्रेस ने सालाना 4000 रुपये बोनस के साथ 6000 रुपये की घोषणा की थी।

अब, ऐसा क्यों है कि वादों के प्रति गंभीरता नहीं बरती जाती है। बीते दिनों आपने जिससे भी बात की उसीने यह कहा कि ये तो केवल चुनावी हथकंडे हैं, और जैसे ही चुनाव परिणाम आएंगे तो ये सियासी पार्टियां अपने वादों से पल्ला झाड़ लेंगी और असल में वे इन कीमतों को नकारने के लिए कोई बहाना ढूंढ लेंगी। जाहिर है, यह एक चुनौती बन जाती है कि कैसे चुनाव जीतने वाले दल अंततः अपने वादे के मुताबिक काम करेंगे। यह भी कि यदि वे इस बार वादा पूरा करने में नाकाम रहे तो तो चुनावी वादे आगामी इलेक्शंस में अहमियत खो देंगे। ये मनोरंजन के अलावा कुछ भी नहीं रहेंगे।

यहां हम समझने का प्रयास करें कि क्यों संदेह जताये जा रहे हैं। दरअसल, दोनों ही राजनीतिक दलों ने उपज की इतनी कीमतें देने का चुनावी वादा किया जो डॉ. एमएस स्वामीनाथन की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय किसान आयोग की सिफारिशों से भी बहुत ज्यादा बैठती हैं। कॉम्प्रिहेंसिव लागत पर 50 फीसदी लाभ (सी2+50 प्रतिशत) की सिफारिश के मुकाबले दोनों ही पार्टियों द्वारा धान और गेहूं के घोषित मूल्य उससे बहुत ज्यादा यानी (सी2+62 प्रतिशत) बनते हैं।

यहां सवाल उठता है कि जबसे यानी अक्टूबर 2006 से स्वामीनाथन आयोग ने अपनी रिपोर्ट दी है, तबसे लेकर सत्ता में रही विभिन्न सरकारें इन कीमतों को लागू करने में हीला-हवाली करती रही हैं। यहां तक कि 2014 के राष्ट्रीय चुनावों में जब भाजपा ने किसानों को स्वामीनाथन कमेटी द्वारा सुझाए सी2+50 दाम देने का चुनावी वादा किया तो, सत्ता संभालने के तुरंत बाद सरकार ने यह कहते हुए सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया कि स्वामीनाथन फार्मूले के अनुरूप दाम प्रदान करना संभव नहीं क्योंकि यह मार्केट्स को विकृत कर देगा।

क्या अब दिये जाने वाले अधिक दाम 'मार्केट को नहीं बिगाडेंगे'? इन तमाम सालों में ऐसा क्या बदल गया कि अब राजनीतिक दल सोचने लगे हैं कि वे स्वामीनाथन द्वारा की गयी सिफारिशों से भी उच्च दाम दे सकते हैं? इसीलिए कि उपज की सी2+50 प्रतिशत से भी बढ़कर ऊंची कीमतें प्रदान करने का वादा गले नहीं उतर रहा है। अगर सी2+62 प्रतिशत कीमतें सही ही हों तो पार्टी बैनर से ऊपर उठकर सभी सियासी दलों का नेतृत्व समस्त देश में इसे एक समान कृषि कीमत बनाने के प्रयास क्यों नहीं करता है?

इसके अतिरिक्त, चूंकि एनडीए सरकार ने प्रांतों की सरकारों को निर्देश दिया था कि वे गेहूं और धान की खरीद के एमएसपी पर कोई बोनस न दें, यह कहते हुए कि यदि उन्होंने ऐसा किया तो केंद्र खरीद समर्थन वापस ले लेगा- तो क्या उच्चतर कीमत को खरीद कीमतों पर पर बोनस के रूप में नहीं देखा जाएगा? मुझे नहीं लगता कि हाल ही में इस पर कोई नीतिगत पुनर्विचार हुआ हो।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में उपज की अधिक ऊंची कीमतें घोषित करने की दौड़ कम से कम यह तो मालूम हुआ कि जिस दु:ख-दर्द को कृषक समुदाय झेल रहा है उसे समझने में नेता वर्ग ज्यादा बेहतर रूप से सक्षम है। वे जानते हैं कि क्यों किसान तनाव में जी रहे हैं , और उन्हें संकट की स्थिति से निकालने के लिए क्या किये जाने की जरूरत है? यह मानते हुए कि जब देश में किसानों की औसत मासिक आय (कृषक परिवारों के ताजा सिचुएशनल एसेसमेंट सर्वे के मुताबिक) बमुश्किल 10,218 रुपये बैठती है, तो कृषि आमदन में वृद्धि करने की तुरंत जरूरत है।

पर जब वही राजनीतिक नेता सरकार गठित करते हैं तो हकीकत यह है कि उन पर मुख्यधारा के अर्थशास्त्रियों और नौकरशाहों द्वारा इतना दबाव बनाया जाता है कि किसानों की आय में बढ़ोतरी करने की कोई भी बात बाजारों को बिगाड़ने वाली नजर आने लगती है। हकीकत में, यह एक तरह से मानसिकता की गड़बड़ी ही कही जाएगी जिसने कृषि को जान-बूझकर वंचित बनाए रखा है।

क्या ये चुनावी वादे असल में लागू किये जाएंगे, यह तो सिर्फ समय ही बतायेगा? देखते हैं, तीन दिसंबर को परिणाम घोषित होने के बाद क्या होता है।

**लेखक कृषि एवं खाद्य विशेषज्ञ हैं।**

# केजरीवाल के सामने राजनीतिक संकट

अजीत द्विवेदी

आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल देश भर में चुनाव लड़ते और हारते रहे हैं लेकिन यह उनकी राजनीति का हिस्सा होता है। इससे उनके लिए राजनीतिक मुश्किल खड़ी नहीं होती है, बल्कि कुछ न कुछ फायदा ही होता है। उनकी पार्टी का विस्तार होता है और नए लोग जुड़ते हैं। इसी राजनीति में उन्होंने दो राज्यों-दिल्ली और पंजाब में सरकार बना ली और दो राज्यों- गुजरात व गोवा में इतना वोट हासिल कर लिया कि उनकी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया। इतना सब होने के बावजूद अब उनकी राजनीतिक राह मुश्किल हो रही है। उनकी अपनी गलतियों और कामकाज की कमियों के अलावा देश की राजनीति कुछ इस तरह से बदली है कि उनके लिए आगे की राह मुश्किल हो गई है। इसके दो-तीन कारण हैं। पहला कारण तो उनके प्रति बनी धारणा का टूटना है। दूसरा कारण यह है कि उनका रामबाण एजेंडा अब सभी पार्टियों ने अपना लिया है। और तीसरा कारण यह है कि जिस कांग्रेस को रिप्लेस करके उसकी जगह लेने की राजनीति वे कर रहे थे वह कांग्रेस मजबूत होने लगी है।



केजरीवाल ने पहले दिल्ली में कांग्रेस की जगह ली। इसके बाद पंजाब में कांग्रेस को रिप्लेस किया। उसके बाद गुजरात में कांग्रेस के वोट में सेंध लगा कर उसको कमजोर किया। गोवा में भी उनकी पार्टी के चुनाव लड़ने और छह फीसदी से ज्यादा वोट लेने का सीधा नुकसान कांग्रेस को हुआ था। ऐसा इसलिए हो रहा था क्योंकि भाजपा और नरेंद्र मोदी के निरंतर प्रचार से कांग्रेस के प्रति आम लोगों में नकारात्मक धारणा बनी थी। इसका लाभ भाजपा के साथ साथ अरविंद केजरीवाल की पार्टी को भी मिल रहा था। पिछले नौ साल में कांग्रेस जितनी कमजोर हुई उसी अनुपात में आम आदमी पार्टी मजबूत हुई है। लेकिन अब स्थितियां बदल गई हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने उनके प्रति आम लोगों की धारणा बदली है और उसके बाद हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में कांग्रेस की जीत ने कांग्रेस को वापस मुकाबले में ला दिया है। अब भाजपा के लिए भी कांग्रेस चुनौती है तो आम आदमी पार्टी के लिए भी है।

केजरीवाल ने अपनी राजनीति पोस्ट ऑइडियोलॉजी पार्टी के तौर पर की थी। उनकी पार्टी की विचारधारा राजनीति की टेक्स्ट बुक परिभाषा से मैच नहीं करती है। तभी उन्होंने दक्षिणपंथ की ओर रूझान दिखाते हुए गवर्नेंस को अपनी पार्टी का एकमात्र एजेंडा बनाया। गवर्नेंस से उनका मतलब सिर्फ इतना है कि वे सरकारी खजाने से कुछ पैसा निकाल कर एक निश्चित मतदाता समूह को ढेर सारी चीजें और सेवाएं मुफ्त में देंगे। उन्होंने दिल्ली में इस दांव को बहुत अच्छे तरीके से आजमाया। निचले तबके और निम्न मध्य वर्ग के लिए पानी, बिजली फ्री कर दिया। मुफ्त वाई-फाई और महिलाओं को बसों में मुफ्त की यात्रा शुरू कराई। स्कूलों और अस्पतालों का रंग-रोगन करके प्रचार के जरिए यह धारणा बनाई कि कायाकल्प कर दिया। झुग्गियों में अवैध निर्माण की खुली छूट दे दी और दिल्ली में कहीं भी रेहड़ी-पटरी लगाने का रास्ता खोल दिया।

मुश्किल यह कि अब सभी पार्टियों ने इस दांव को अपना लिया है। अब कांग्रेस और भाजपा जैसी पार्टियां भी चुनाव में दिल खोल कर मुफ्त में वस्तुएं और सेवाएं बांटने का ऐलान करती हैं। केजरीवाल ने पंजाब में मुफ्त बिजली, पानी के साथ साथ महिलाओं को एक एक हजार रुपए देने का वादा किया था अब कांग्रेस डेढ़ से ढाई हजार रुपए तक महिलाओं को देने का ऐलान कर चुकी। मध्य प्रदेश में डेढ़ हजार तो तेलंगाना में ढाई हजार रुपए नकद देने की घोषणा हुई है। इसके अलावा मुफ्त अनाज, मुफ्त बिजली, पानी, मुफ्त बस यात्रा, स्कूटी, लैपटॉप, स्मार्ट फोन आदि सब कुछ मुफ्त में बांटने का ऐलान किया जा रहा है। सो, केजरीवाल की एक्सक्लूसिविटी खत्म हो गई। जब सारी पार्टियां उनका राजनीतिक दांव अपना रही थीं तो वे अपने लिए कोई नया दांव नहीं सोच पाए।

उलटे दिल्ली और पंजाब में उनके कामकाज की पोल खुल गई। उन्होंने दिल्ली की हवा और पानी की सफाई का वादा किया था। अपने कामकाज के पहले सात साल तक वे यह बहाना बनाते रहे कि पंजाब में अकाली दल और कांग्रेस की सरकारें पराली जलाना नहीं रोक पाईं इसलिए दिल्ली में प्रदूषण बढ़ रहा है और वे कुछ नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन 2022 में उनकी पार्टी की पंजाब में सरकार बन गई और उसके बाद लगातार दूसरी सर्दियां आ गई हैं, फिर भी दिल्ली में प्रदूषण कम नहीं हुआ। पंजाब में पराली जलाए जाने से दिल्ली में लगातार दूसरे नवंबर में लोगों का सांस लेना दूभर हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर दिल्ली और पंजाब सरकार को फटकार लगाई तो वे हरियाणा और उत्तर प्रदेश पर दोष मढ़ने लगे। इसी तरह यमुना की सफाई के मामले में भी उनके वादों की पोल खुली। इस साल भी छठ के मौके पर यमुना पहले की तरह प्रदूषित रही और लोगों ने झाग वाले पानी में खड़े होकर पूजा की। दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने पर सोशल मीडिया में यह मीम बहुत लोकप्रिय हुआ कि आठ साल पहले जब केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे तो वे खांस रहे थे और दिल्ली के लोग ठीक थे, आज दिल्ली के लोग खांस रहे हैं और केजरीवाल का मफलर गायब हो गया है।

# नेता बेवकूफ हैं या जनता?

हरिशंकर व्यास




मोदी राज ने 140 करोड़ लोगों में हिंदुओं की उस आबादी को मूर्ख बनाया है जो धर्मपरायण और मूर्ति दर्शन, भजन, सत्संग, कथा-कहानी की पीढ़ीगत आस्था में जिंदगी गुजारती आई है! इन सबके दिल-दिमाग में अपने को पैठा कर वह कंपीटिशन पैदा कराया है, जिससे राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल याकि गैर-भाजपाई पार्टियों की मजबूरी है जो वे भी लोगों को बेवकूफ बनाने, अंधविश्वासी बनाने के काम करें। तभी चुनाव अब बेवकूफ बनाने का उत्सव है। इस सप्ताह 'पनौती' जुमले का जैसा देशव्यापी हल्ला बना वह लोगों की समझ और अंधविश्वासों का पीक है। इससे क्या साबित है? नेता और मतदाता दोनों भूल गए हैं कि विकास क्या होता है, कैसे होता है? और चुनाव परिवार-प्रदेश-देश की प्रगति के विकल्पों में चुनने का मौका होता है न कि खैरात में कौन कम या ज्यादा पैसा बांट रहा है? या मोदी 'पनौती' हैं या राहुल?

चुनाव के दौरान मैं छतीसगढ़ गया। फिर जयपुर आ कर बैठा। श्रुति ने छतीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान तीनों प्रदेश घूमे हैं? सवाल है सभी प्रदेशों में लोगों से बातचीत का निचोड़ क्या है? एक-महंगाई लोगों में मुद्दा ही नहीं है। केवल छतीसगढ़ में किसान और गरीब लोग यह रोना रोते मिले कि शराब महंगी हो रही है और घटिया मिल रही है। आटे-दाल, प्याज, तेल जैसी आवश्यक वस्तुओं की या घर के खर्च में मुश्किल जैसी बात करता कोई नहीं मिला। इसका अर्थ है कि गरीब भी महंगाई को ले कर बेफिक्र है। दो-बेरोजगारी भी मसला नहीं है। नौजवानों की भीड़ में बेरोजगारी का गुस्सा रत्ती भर नहीं है। इसलिए क्योंकि देहात और कस्बों में फोन, सोशल मीडिया और बेगारी वाले कामों ने नौजवान में जहां टाइमपास वाली व्यस्तता बनाई है वही दिमाग में यह भी बैठा दिया है कि सीएम या पीएम सब तो बांट रहे हैं, इलाज करा रहे हैं, राशन दे रहे हैं, खाते में पैसा पहुंचा रहे हैं और रेवड़ियों की योजना दर योजना की गारंटी देते हुए हैं तो ठीक ही है। इस मनोवैज्ञानिक संतुष्टि के साथ मोदी के चेहरे से पांच हजार रु महीना कमाने वाला यूथ यह मानता है कि मोदीजी से दुनिया में भारत का नाम रोशन है। उनके कारण भारत अब अमेरिका, ब्रिटेन आदि के संग कंधे से कंधा मिला कर चल रहा है। तीन- दिमाग में विकास की समझ ही नहीं रही या बदल गई है। लोगों में विकास की धारणा में खेती के लिए बांध, चौबीस घंटे बिजली, रोजगार के लिए कारखाने, अस्पताल व स्कूल बनें और रियल पढ़ाई या सही इलाज हो, जैसा कोई विकास बोध नहीं है।

मतलब मोदी राज से अच्छे दिनों, खाते में पैसा पहुंचाने आदि से बेवकूफ बनाने का जो सिलसिला शुरू हुआ था वह घर-घर लोगों में दिमाग को बदले हुए है। मोदी की देखा-देखी में पहले अरविंद केजरीवाल ने और अब राहुल गांधी व कांग्रेस ने उत्तर भारत के प्रदेशों में पैसा व चीजे बांटने का तमिलनाडु मॉडल घरों में जो पहुंचाया है उससे भी उत्तर भारत में लोगों का दिमाग परिवर्तन पुख्ता होते हुए है। यह दक्षिणी राज्यों से ज्यादा इसलिए गंभीर है क्योंकि जात पांत और गोबर पट्टी के पुराने अंधविश्वास अलग से बैकग्राउंड में हैं।

विषयांतर में विश्लेषण होने लगा है। पते का दो टूक सत्य उत्तर भारत के सभी नेता, सभी पार्टियां जहां खुद बेवकूफी में विकास के सही अर्थों से अनजान हैं वही चुनाव लड़ने के लिए यह आसान तरीका भी है। फिर सत्ता में रहते हुए शराब, पेट्रोलियम पदार्थों से मनमानी वसूली करके उससे हजार-दो हजार रुपए की खैरात बांटने कर गर्वनेंस और भ्रष्टाचार भी आसान है। तभी मोदी हों या केजरीवाल, नीतीश कुमार या कांग्रेसी मुख्यमंत्री सभी के बांटने के पैकेज तरीके एक जैसे बन गए हैं। हर जगह चुनावी पैटर्न और इकोसिस्टम एक जैसा।

सोचें, ऐसे लोकतंत्र और विकास के नाम पर रेवड़ियों तथा 'पनौती' जैसी जुमलेबाजी में रचे-पके इकोसिस्टम से दस साल बाद क्या होगा 150 करोड़ लोगों का? वे विकसित कहलाएंगे या 'पनौती' के मारे लोग!

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी द्वारा संचालित कैंप के कैडेटों ने किया रक्तदान

**दुर्ग।** संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एवं प्री-आरडीसी-1 के पांचवें दिवस के अवसर पर कैंप गतिविधियों की शुरुआत प्रतिदिन की भांति पिटी परेड के साथ हुई। फिर ड्रिल की सिखलाई के पश्चात कैडेटों को लीडरशिप कैप्सूल के विभिन्न गुणों से प्रदीप शुक्ला द्वारा अवगत करवाया गया साथ ही रचनात्मक स्किल हेतु एक्टिविटी के अंतर्गत विज्ञापन बनाने की कला का प्रदर्शन किया गया। कैंप के कैडेटों एवं एनसीसी अधिकारी द्वारा जिला चिकत्सालय ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान किया गया जिनमे थर्ड ऑफिसर गौरव खन्ना, कैडेट विवेक कुमार,यश कुमार,संजय साहू,तरुण यादव,अभिषेक,अभिनव राम और अविरल वर्मा ने रक्तदान कर रक्तदान जीवनदान को चरितार्थ किया। खेल प्रतियोगिताओं में आज 100 मीटर, 200 मीटर दौड़,शटल रन एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन कंपनीयों के बीच हुआ। जिसमें तीनों ही कंपनियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसका लुफ्त कैडेटों ने लिया।

### कलेक्टर ने दी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतगणना तैयारी की जानकारी

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी विनीत नंदनवार ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों की बैठक में मतगणना तैयारी की जानकारी दी। उन्होने बताया कि मतगणना संबंधी सभी आवश्यक तैयारी पूरी हो गयी है। मतगणना डाईट परिसर में होगी। रविवार 03 दिसंबर को ऑब्जर्वर और अभ्यर्थियों के समक्ष स्ट्रांग रूम खोली जायेगी। मतगणना कक्ष में मोबाइल प्रतिबंधित है। मतगणना केन्द्र में अभ्यर्थियों, अभ्यर्थियों के निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता को जारी प्रवेश प्राधिकार पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना केन्द्र के मुख्य द्वार से मतगणना केन्द्र सभी को पैदल आना होगा। वाहनों की पार्किंग हेतु निर्धारित स्थान पर वाहन रखना होगा। इसके साथ ही उन्होने आगे कहा कि मतगणना अभिकर्ता मतगणना स्थल में अनुशासन एवं शिष्टाचार बनाएं रखेंगे। मतगणना अभिकर्ता अपने टेबल में ही बैठेंगे और उन्हे इधर-उधर घूमने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता टेबल का निरीक्षण कर सकते है। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणना अभिकर्ता मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, कैलकुलेटर, पेन लाना प्रतिबंधित है और धूम्रपान, गुटखा पाउच पर प्रतिबंध रहेगा।

### गाइड के रूप में राजस्व निरीक्षकों की लगाई गई ड्यूटी

**महामसुंद।** विधानसभा निर्वाचन 2023 का मतगणना कार्य कृषि उपज मंडी पिटियाझर महासमुंद में 3 दिसंबर 2023 को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल में ईवीएम को भृत्यों के माध्यम से लाने ले जाने के गाइड के रूप में राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी विधानसभा वार लगाई गई है। इनमें सरायपाली 39 अंतर्गत राजस्व निरीक्षक जगमोहन बरिहा एवं उत्तम कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 40 बसना अंतर्गत राजस्व निरीक्षक ताहर सिंह ठाकुर, राजेश कुमार साहू, खल्लारी 41 अंतर्गत राजस्व निरीक्षक हरीश चंद बेहरा,देव सिंह दीवान एवं विधानसभा क्षेत्र 42 महासमुंद अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार साहू और पुरुषोत्तम बरिहा की ड्यूटी लगाई गई है।

# संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में रेल मंडल रायपुर को मिला तीसरा पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। गृह मंत्रालय द्वारा मुंबई में आयोजित संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रायपुर को तीसरा पुरस्कार मिला। इस समारोह में क क्षेत्र में स्थित 50 से अधिक कार्मिकों वाले कार्यालयों की श्रेणी में वर्ष 2022-23 के दौरान राजभाषा में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया ।

### उपलब्धि के लिए मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने दी बधाई




उल्लेखनीय है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रति वर्ष क्षेत्रवार राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। जिसमें अलग-अलग मंत्रालयों के अधीन आने वाले विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को राजभाषा में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए विभिन्न श्रेणियों में क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष गृह मंत्रालय द्वारा पश्चिम एवं मध्य क्षेत्र के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन 23 नवंबर 2023 को न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफइंडिया चेंबूर मुंबई में किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर को तीसरा पुरस्कार दिया गया।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर की ओर से निकेश कुमार पाण्डेय, राजभाषा अधिकारी ने उक्त शील्ड को ग्रहण किया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रायपुर को पुरस्कार प्राप्त होने पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार तथा अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) आशीष मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंडल के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों तथा राजभाषा विभाग, रायपुर को बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के सम्मानित पुरस्कार मंडल को प्राप्त होंगे।

# ब्लास्ट फर्नेस विभाग के कार्मिकों की पत्नियों ने जाना भिलाई इस्पात संयंत्र की कार्य प्रणाली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में कार्यरत 21 कार्मिकों की पत्नियों को आप भी जानिए कार्यक्रम के अंतर्गत, अपने पतियों के कार्यस्थल के साथ-साथ भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभाग जैसे कि ब्लास्ट फर्नेस 8 (महामाया), रेल मिल, वॉयर रॉड मिल, एसएमएस-3 एवं प्लेट मिल का भ्रमण करवाया गया। आप भी जानिए कार्यक्रम कार्मिक विभाग के द्वारा परिवार जनों से अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ते के निर्माण की दिशा में तथा उन्हें संयंत्र से परिचय करवाने हेतु आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य, भिलाई इस्पात



संयंत्र के कार्मिकों के कार्यक्षेत्र, कार्य-प्रणाली एवं माहौल से उनके परिवार का परिचय कराना है। कार्यक्रम का शुभारम्भ, मानव संसाधन विकास केन्द्र के सभागार में, मुख्य महाप्रबन्धक सौम्य तोकदार की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाप्रबन्धक (कार्मिक) श्रीमती शीजा मैथ्यू, महाप्रबन्धक (ब्लास्ट फर्नेस) विकास नशीने व विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक प्रबन्धक (कार्मिक) अजय कुमार विशेष रुप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में सहायक महाप्रबन्धक (कार्मिक) बीजू जॉर्ज ने सभी कार्मिकों के जीवन साथियों का स्वागत करते हुए आप भी जानिए कार्यक्रम के उद्देश्य, संयंत्र के उत्पादन एवं लाभ में कार्मिकों के साथ-साथ उनके परिवार की सहभागिता के महत्व को बताया। जिससे कार्मिक के परिवार जन अनजान एवं अनभिज्ञ रह जाते हैं।

सौम्य तोकदार, श्रीमती शीजा मैथ्यू एवं अजय कुमार सभी ने अपने-अपने उद्बोधन में कार्मिकों के जीवन साथियों को संयंत्र की कार्यक्षेत्र, उत्पादन व सुरक्षित कार्य प्रणाली में जीवन साथियों के योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय सुरक्षा अधिकारी श्री विकास नशीने के द्वारा सुरक्षा के महत्व के बारे में एक प्रस्तुतिकरण भी दिया गया।

# भाजपा के सारे दिग्गज नेता चुनाव हार रहे - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** तीन दिसंबर को जैसे ही चुनाव परिणाम आयेगे भाजपा क़े अनेक दिग्गज नेता धाराशायी हो जायेगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग क़े अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा कि भारतीय जनता पार्टी बुरी तरह से चुनाव हारने वाली है भाजपा क़े अनेको दिग्गज नेता रमन सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, अरुण साव, नारायण चंदेल, अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा, राजेश मूणत जैसे नेता चुनाव हार रहे है। चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी क़े छत्तीसगढ़ क़े नेताओं पर उनके आलाकमान नें भी भरोसा नहीं जताया पूरे चुनाव मे भाजपा मे छत्तीसगढ़ का एक भी ऐसा नेता नहीं था जिसने पूरे राज्य मे चुनाव प्रचार क़े लिए भेजा गया हो सारे क़े सारे दिग्गज भाजपाई अपने ही सीटों पर फंसे पड़े थे। भाजपा क़े प्रदेश अध्यक्ष तो पूरे चुनाव प्रचार क़े दौरान अपनी विधानसभा से बाहर निकलने कि हिम्मत नहीं दिखा पाए अजय चंद्राकर जैसे बड़बोले नेता कुरुद मे चुनाव हार रहे है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग क़े अध्यक्ष सुशील सुशील आनंद शुक्ला नें कहा कि भाजपा क़े विपरीत कांग्रेस मजबूती से अपने राज्य के नेतृत्व को आगे कर चुनाव लड़ा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नें पूरे राज्य कि सभी 90 विधानसभा क्षेत्रो मे धुंआधार सभा किया।

# मतगणना कार्य के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने मतगणना कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतगणना 3 दिसंबर 2023 को शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई में किया जाना है।




मतगणना स्थल में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं सहयोगी अधिकारी कर्मचारी नियुक्त किये गए है। मतगणना स्थल में कानून व सुरक्षा व्यवस्था के लिए अरविन्द कुमार एक्का, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, दुर्ग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग को, मतगणना से संबंधित संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मतगणना हेतु कर्मचारियों का रेण्डमाईजेशन एवं विधानसभा क्षेत्रवार नियुक्ति आदेश जारी कराने संबंधी कार्य हेतु अश्वनी कुमार देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग, अभय जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी, अमित घोष सांख्यिकी अधिकारी शिक्षा विभाग एवं मती पुष्पा पुरूषोत्तमन शिक्षा विभाग को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार मतगणना से संबंधित आवश्यक सभी सामग्रियों की चेकलिस्ट अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर्स को सौपते हुए पावती संधारित कर जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु महेश सिंह राजपूत डिप्टी कलेक्टर दुर्ग एवं मती पुष्पलता ध्रुव जिला पंजीयक दुर्ग को, मतगणना स्थल में बेरिकेटिंग तथा दिव्यांग जनों हेतु रैम्प की व्यवस्था एवं सहायता केंद्र की स्थापना का दायित्व उत्त्म ध्रुव डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग दुर्ग को, निर्वाचन नियम पुस्तक तथा सभी अधिकारी व कर्मचारी एवं अन्य को परिचय पत्र जारी करने का दायित्व बजरंग दुबे अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग, सौरभ कुमार चौरसिया नायब तहसीलदार संबंद्ध जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग एवं चन्द्रशेखर चन्द्राकर नायब तहसीलदार संबद्ध जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग एवं संतोष कुमार त्रिपाठी निर्वाचन पयवेक्षक एवं समस्त निर्वाचन पर्यवेक्षक एवं समस्त निर्वाचन स्टॉफ को, संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की आवश्यकता अनुसार एवं नियमानुसार वीडियोग्राफ ी एवं मतगणना कक्ष में तथा स्ट्रॉग रूम परिसर में सीसीटीवी इंस्टॉलेशन एवं उसके बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित कराने व उक्त बैकअप सीडी एवं डीवीडी जिला निर्वाचन को उपलब्ध कराने का दायित्व अजय त्रिपाठी आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा को, मतगणना स्थल में समुचित पार्किंग, आवागमन एवं परिवहन कर व्यवस्था सुनिश्चित कराने का दायित्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग को संपूर्ण मतगणना स्थल पर पर्याप्त साफ -सफाई आवश्यकता अनुसार परिसर एवं सभी आर.ओ. कक्ष में डस्टबिन लगाने व समस्त शौचालयों को पूरी मतगणना प्रक्रिया के दौरान नियमित रूप से सफाई करने कर्मचारी नियुक्त करने का दायित्त आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग/भिलाई/रिसाली को दिया गया है। विधानसभावार टेबुलेशन समुचित प्रबंधन, निरीक्षण एवं जानकारी का संकलन का दायित्व उत्तम ध्रुव डिप्टी कलेक्टर दुर्ग को, डाक मतपत्र एवं ईटीबीएस का जिला कोषालय से मतगणना का कार्य एवं आवश्यक रिपोर्ट तैयार किया जाने का दायित्व गोकुल राम रावटे अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीबी साहू उप कोषालय अधिकारी एवं सहायक नोडल डाक मतपत्र को, उरकुरे अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) दुर्ग को, मतगणना स्थल पर संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था, आवश्यक उपकरण एवं एंबुलेंस इत्यादि की उपलब्धता का दायित्व जेपी मेश्राम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग को सौंपा गया है।

# धान को बारिश से बचाने के लिए उपार्जन केन्द्रों में सभी व्यवस्था करें सुनिश्चित - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज साप्ताहिक समय -सीमा की बैठक में जिला अधिकारियों को विभागीय कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में विभागवार योजनाओं एवं विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य चल रहा है।

धान खरीदी व्यवस्था की देखरेख के लिए समितिवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। सभी नोडल अधिकारी अपने समितियों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। साथ ही संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, तहसीलदार भी



सतत रूप से निरीक्षण करते रहे ताकि पंजीकृत किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि आगामी कुछ दिनों में प्रदेश के कई जिलो में बारिश होने की संभावना है। बेमौसम बारिश होने से खरीदे गए धान खराब न हो पाए, इसके लिए धान के सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्था समितियों/ उपार्जन केन्द्रों में की जाये। उपार्जन केन्द्र में धान के बोरियों को केप कव्हर एवं धान की ढेरियों को तिरपाल आदि से ढक कर सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्र में बारिश के पानी का जमाव न हो इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था करें। कलेक्टर ने कहा कि सीमावर्ती राज्यों से आने वाले धान की रोकथाम के लिए विभिन्न चेक पोस्ट बनाए गए है, जहां अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। वे यह ध्यान रखे कि अन्य राज्य से यहां धान बिक्री के लिए कोई बिचौलिये न ला पाये।

कलेक्टर छिकारा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को चैटबोट संवाद, टीएल एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम में प्राप्त शिकायतों के प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिये। इसी तरह विभिन्न विभागों को शासकीय प्रयोजनों हेतु भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण करने, एकीकृत किसान पोर्टल में संशोधन करने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेन्ट की स्थापना करने, पीएम किसान अंतर्गत शत् प्रतिशत ईकेवायसी करने, सड़क पर घुमंतू पशुओं पर रेडियम लगाने तथा उन पशुओं को कांजी हाउस, गौठान एवं गौशाला में रखने के निर्देश दिये।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### सिविल जज के 48 पदों केलिए 152 का होगा इंटरव्यू

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सिविल जज भर्ती परीक्षा के लिए साक्षात्कार 5 से 14 दिसंबर तक आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए पीएससी की ओर से सूचना जारी की गई है।

इन पदों के लिए इसी साल 27 जून को परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके परिणाम 17 अगस्त को जारी हुए थे। इस आधार पर पीएससी ने पदों से तीन गुना, यानी 152 कैंडिडेट्स को साक्षात्कार के लिए बुलाया है। साक्षात्कार से एक दिन पहले पात्र अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन होगा। साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची सीजीपीएससी की वेबसाइट psc.cg.gov.in पर उपलब्ध है। वहीं दूसरी ओर पीएससी ने प्राणीशास्त्र के सहायक प्राध्यापकों की चयन सूची जारी कर दी है। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 125 पदों के लिए पीएससी ने जुलाई 2021 में विज्ञापन निकाले थे।

इसके लिए 375 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना था, लेकिन 278 को ही इंटरव्यू के लिए बुलाया गया। इनमें से 7 अनुपस्थित रहे तथा 20 को अयोग्य घोषित किया गया। इस प्रकार 251 का साक्षात्कार पीएससी ने लिया। इसके लिए चयन सूची पीएससी ने जारी कर दी थी। इसके बाद कुछ अभ्यर्थियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिसके बाद अब पीएससी ने चयन व अनुपूरक सूची जारी की है।

### सीजी बोर्ड की छमाही परीक्षा 7 दिसंबर से

**रायपुर।** राजधानी के सरकारी स्कूलों में अर्द्धवार्षिक (छमाही) परीक्षाएं 7 दिसंबर से शुरू होगी। पहले यह परीक्षा 22 नवंबर से होने वाली थी। लेकिन प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने के कारण स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो गई थी। क्योंकि स्कूलों के अधिकतर शिक्षकों की चुनाव में ड्यूटी लगी थी। इसलिए परीक्षा की तारीख में फेरबदल किया गया है।

जानकारी के मुताबिक दसवीं-बाहरहवीं के पेपर माशिमं के ब्लू प्रिंट के आधार पर तैयार किए जाएंगे। इसी तरह मूल्यांकन भी स्कूल में ही होगा। अफसरों का कहना है कि रिजल्ट के बाद छात्र जिस विषय में कमजोर मिलेंगे, उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके तहत उनकी अलग से कक्षाएं लगाई जाएगी। छमाही की परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अलग-अलग समय में आयोजित की जाएगी।

### डेस्टिनेशन मैरिज खर्च पर कैट ने जाहिर की चिंता

**रायपुर।** डेस्टिनेशन शादियों के बढ़ते चलन पर व्यापारिक संगठन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने चिंता जाहिर की है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि विदेशों में डेस्टिनेशन शादी करने के बारे में अभी तक कोई अधिकृत सर्वे नहीं हुआ है। फिर भी अनुमान है कि प्रतिवर्ष लगभग 5 हजार शादियां विदेशों में होती हैं। इस पर लगभग 50 हजार करोड़ खर्च होने का अनुमान है। देश में ही शादी हों तो घरेलू व्यापार व भारतीय अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। कैट के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव और परमानन्द जैन ने बताया कि डेस्टिनेशन शादियों से एक बड़ा व्यापार विदेश को मिल जाता है।

### मानव जीवन में प्रभु की भक्ति सर्वोपरिः पं. शर्मा

**रायपुर।** गुढ़ियारी स्थित परमेश्वरी भवन परिसर में आयोजित श्रीमदभागवत कथा का रविवार को समापन किया गया। आखिरी दिन पंडित सुरेश शर्मा ने श्रद्धालुओं को तुलसी वर्षा और भगवान के परलोकधाम गमन की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि हम मनुष्य बड़े ही भाग्यशाली हैं, जो भगवान की भक्ति कर सकते हैं। मानव जीवन में प्रभु की भक्ति सर्वोपरि है। भगवान स्वयं उसकी सभी मनोकामना पूरी करते हैं। कथा के अंत में तुलसी वर्षा और हवन पूर्णाहुति हुई। इस दौरान दीपक, नरेश, आलोक मौजूद रहे।

# बाघों को ढूंढने लगाए जाएंगे हाई रेंज सीसीटीवी कैमरे 250 कैमरे से होगी बाघों की गतिविधियों की निगरानी

### 150 अधिकारी-कर्मचारियों को अभयारण्य के उपनिदेशक ने दिया प्रशिक्षण



**रायपुर।** पिछले एक वर्ष से उदंती सीतानदी अभयारण्य में बाघ नहीं दिखा है। वन विभाग के अधिकारियों ने अब बाघ को ढूंढने के लिए अभयारण्य को चार भागों में बांट दिया है। प्रत्येक भाग में नई तकनीक से लैस 250 सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की जाएगी। इसके लिए 150 अधिकारी-कर्मचारियों को अभयारण्य के उपनिदेशक ने प्रशिक्षण भी दिया है।



वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ऑल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन फेस चार के अंतर्गत बाघ और अन्य वन्य प्राणी की गणना के लिए नई तकनीकी से लैस कैमरे से कैसे निगरानी व खोज की जाएगी। अभयारण्यकर्मी और अफसरों को कोयबा इको सेंटर में इसकी ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

उदंती सीतानदी अभ्यारण्य के उपनिदेशक वरुण जैन ने तकनीकी मास्टर ट्रेनर ओम प्रकाश राव के साथ मिलकर तैयारी कर ली है। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को कैमरे लगाए जाने से लेकर उसके आपरेटिंग सिस्टम और समय पर डाटा कलेक्शन की विस्तृत जानकारी दी। पिछली बार 18 ट्रैप कैमरों की चोरी हुई थी। इस बार कैमरे को चोरी होने से बचाने के लिए भी उपाय बताए गए हैं।

#### रोज लेंगे कैमरे का डाटा

अधिकारियों ने बताया कि उदंती सीतानदी अभ्यारण को चार भागों में बांटा गया है। प्रत्येक भाग में 25 दिन के लिए 250 कैमरे लगाए जाएंगे। गूगल अर्थ में निर्धारित प्रत्येक ग्रिड पर दो कैमरे लगेंगे। कैमरे का डाटा रोजाना लिया जाएगा। प्रत्येक भाग में 25 दिन ट्रैपिंग के बाद सात दिनों तक साइन सर्वे और लाइन सर्वे भी साथ-साथ किया जाएगा।

#### बाघ की संख्या नहीं के बराबर

उदंती सीतानदी अभ्यारण्य में अब बाघ की संख्या नहीं के बराबर है। 13 दिसंबर 2022 को अंतिम बार मादा बाघ अभ्यारण्य के कैमरे में कैद हुआ था। फिर फरवरी 2023 में केवल मल मिला था, लेकिन बाघ कहीं नजर नहीं आया। बाघविहीन माने जा रहे इस अभ्यारण्य के लिए फेस चार की यह गणना अहम मानी जा रही है। प्रशासन को उम्मीद है कि टाइगर एस्टीमेशन चार से बाघ की मौजूदगी की जानकारी मिलेगी।

#### गढ़चिरौली से लेकर सुनाबेड़ा तक बाघ करते हैं सफर

वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यहां मौजूद बाघ महाराष्ट्र के गढ़चिरौली से होकर बस्तर जगदलपुर होते हुए उदंती अभ्यारण्य तक विचरण करते हैं। फिर ओडिशा के सुनाबेड़ा अभ्यारण्य पहुंचते हैं। इसी कारीडोर में बाघ का विचरण होता है। वर्ष 2018 और 2022 में उदंती सीतानदी अभ्यारण में एक-एक बाघ होने की पुष्टि की गई थी। 2023 में ओझल होने के बाद कारीडोर में आने वाले सभी अभ्यारण में इसकी तलाश की जाती रही है।

# रायपुर में टिकट के लिए क्रिकेट प्रेमियों की लगी लंबी लाइन, 1 दिसंबर को होना है मैच

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में भारत-आस्ट्रेलिया के बीच टी 20 मैच एक दिसंबर को खेला जाएगा। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में यह मैच शाम सात बजे से खेला जाएगा। इसके लिए टिकट बिक्री शुरू हो गई है। मैच की टिकट ऑनलाइन बुकिंग जा रही है। वहीं मंगलवार को ऑफलाइन टिकट की बिक्री शुरू की गई। टिकट को लेकर काउंटर में स्टूडेंट्स की भारी भीड़ उमड़ी है। यह टिकट स्टूडेंट को एक हजार रुपए में मिल रहा है। जिसे खरीदने के लिए स्टूडेंट लंबी कतार में लगे हुए हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच को देखने के लिए प्रदेशवासियों में काफी उत्साह है। वहीं इस मैच की टिकट बिक्री का समय 11 बजे से सरदार बालवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में शुरू हो गया है, लेकिन टिकट को लेकर क्रिकेट प्रेमियों ने सुबह 6 बजे से ही लाइन में लग गए। टिकट काउंटर में छात्रों की लंबी लाइन लगी हुई है। वही इंदौर स्टेडियम रायपुर में अभी भी टिकट बिक्री का सिलसिला जारी है। छात्रों के लिए इस मैच में विशेष छूट दिया गया है। उन्हें एक हजार रुपए में टिकट दिया जा रहा है। इसके लिए छात्रों को पहचान पत्र दिखाना होगा और पहचान पत्र की एक फोटो कॉपी भी काउंटर में जमा करना पड़ेगा। इसके बाद ही उन्हें टिकट मिलेगी। दोनों टीमों के खिलाड़ी आज 29 नवंबर को रायपुर पहुंच जाएंगे। इसके बाद उनका अभ्यास जारी रहेगा, जिस होटल में रुक रहे क्रिकेटर वहां सुरक्षा को लेकर कड़ी इंतजाम किया गया है।

# अब छत्तीसगढ़ी फिल्म में एक्शन करते नजर आएंगे केबिनेट मंत्री भगत

### बलिदानी राजा गुरु बालकदास में निभा रहे हैं शहीद वीर नारायण सिंह का किरदार



**रायपुर।** संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत छत्तीसगढ़ी फिल्म 'बलिदानी राजा गुरु बालकदास' में एक्शन करते हुए नजर आने वाले है। दरअसल सतनाम पंथ के गुरु बालकदास के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक फिल्म बनाई जा रही है जिसमे अमरजीत भगत शहीद वीर नारायण सिंह की भूमिका में नजर आऐंगे। कुछ दिनों पहले इस फिल्म का टीजर भी लॉन्च किया गया था जिसे लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था।

जानकारी के मुताबिक इस फिल्म की कहानी सन 1818 से 1860 के बीच अंग्रेजों के खिलाफ प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित है। इसमें गुरु बालकदास और वीर नारायण सिंह की दोस्ती और प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में दोनों की भूमिका के किस्से हैं। खास बात यह है कि इसमें संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत वीर नारायण सिंह की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर डॉ. जेआर सोनी हैं। डॉ. सोनी के मुताबिक इस फिल्म में दर्शकों को इतिहास के कई अनछुए पहलुओं का पता चलेगा। यह स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ के लोगों की भूमिका और संगठन शक्ति की कहानी है।

# 81 साल के नंदकिशोर शुक्ल का जज्बाः छत्तीसगढ़ी भाषा को हक दिलाने लोगों को कर रहे जागरूक

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ी भाषा को उसका सही हक दिलाने के लिए 81 साल के नंदकिशोर शुक्ल लंबे समय से काम कर रहे हैं। 28 नवंबर यानी मंगलवार को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस है। प्रदेश में छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा मिले 16 साल हो गए हैं, लेकिन अब तक ये सरकारी कामकाज की भाषा नहीं बन पाई है। छत्तीसगढ़ी भाषा स्कूलों में भी पढ़ाई का जरिया नहीं बन सकी है।

छत्तीसगढ़ी भाषा को लेकर लंबे समय से काम कर रहे 81 साल के नंदकिशोर शुक्ल लगातार पदयात्रा और साइकिल से यात्रा कर गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। शुरुआती दिनों से ही समाज सेवा में लगे नंदकिशोर ने अपना जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया, इसलिए उन्होंने शादी भी नहीं की है।

नंदकिशोर शुक्ल ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से ही छत्तीसगढ़ी भाषा को राजभाषा बनाने की मांग शुरू हो गई थी। 2007 के दौरान इसकी मांग तेज हुई और बिलासपुर में छत्तीसगढ़ी राजभाषा मंच का गठन किया गया। उस दौरान आंदोलन इतना तेज रहा है था कि 28 नवबंर 2007 को



विधानसभा में छत्तीसगढ़ी भाषा को राजभाषा बनाने के लिए विधेयक पारित किया गया।

#### शादी नहीं करने के लिए बहाने बनाते थे नंदकिशोर

नंदकिशोर शुक्ल ने शुरुआती दिनों से ही समाज सेवा करने की ठानी थी। यही कारण है कि उन्होंने शादी भी नहीं की। नंदकिशोर ने बताया कि शादी करके मैं पारिवारिक बंधन में नहीं बंधना चाहता था। उन्होंने कहा कि उनसे शादी के लिए कई रिश्ते आए, लेकिन उस समय मैं अपनी शर्त रख देता था कि मेरी पत्नी को भी मेरी तरह ही जीवन जीना पड़ेगा। मेरे फैसले से घर वाले खासतौर पर मेरी मां नाराज रहती थी, लेकिन बाद में सभी ने मेरी बातों को समझा।

#### जन जागरण के सिवाय कोई उपाय नहीं

नंदकिशोर शुक्ल ने बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए जन जागरण बेहद आवश्यक है। इसके सिवाय कोई और रास्ता नहीं है। जनशक्ति जब खड़ी होती है, तब राजनीतिक पार्टियों पर दबाव बनता है और सरकार उस काम को करती है, इसलिए लोगों को संगठित करने का मेरा काम जारी रहेगा। छत्तीसगढ़ में किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार बने, हम उनसे निवेदन करेंगे। अगर निवेदन के बाद भी वे नहीं मानेंगे, तो हमारी जमीनी जंग जारी रहेगी।

नंदकिशोर ने छत्तीसगढ़ी भाषा को पढ़ाई-लिखाई और शासकीय कामकाज की भाषा बनाने की मांग को लेकर 2012 से गांव-गांव जाकर लोगों को संगठित और जागरूक करने के काम शुरू किया था। नंदकिशोर शुक्ल ने बताया कि उन्होंने अब तक 1000 किलोमीटर से अधिक दूरी तक की साइकिल यात्रा भी की है।

# महादेव घाट पर कार्तिक पुन्नी मेले की धूम, उमड़ा जन सैलाब



**रायपुर।** खारुन नदी के तट पर लगने वाले कार्तिक पुन्नी मेले में अपार जन सैलाब उमड़ रहा है। आज मेले का आखिरी दिन है। यहां राजधानी के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी रोज हजारों श्रद्धालु जुट रहे हैं।

बताया जाता है कि करीब 600 साल पहले हैहयवंशी राजा ने पुत्र की प्राप्ति के बाद हटकेश्वर मंदिर का निर्माण करवाया था। तभी से इसे मेले का आयोजन लगातार किया जा रहा है। कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने खारुन नदी में आस्था की डुबकी लगाई और बाबा हटकेश्वरनाथ के दर्शन किए। यहां के झूले बच्चों का खूब भा रहे हैं।

मंगलवार को मेले में कपड़े, बर्तन, मिठाई से लेकर तरह-तरह की चीजों की दुकानें लगीं। दुकानदारों के मुताबिक इस बार कारोबार अच्छा रहा। लोगों ने अच्छी खरीदारी की। मनोरंजन के लिए भी तरह-तरह के झूले लगे थे।

पुन्नी मेला के अवसर पर महाकाल की नगरी उज्जैन से अघोरी बाबा महादेव घाट पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे जूना अखाड़ा के सदस्य हैं। साल में एक बार बाबा हटकेश्वर नाथ के दर्शन के लिए वे जरूर रायपुर पहुंचते हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# क्यों एग्जाम या इंटरव्यू से पहले आपका भी पेट हो जाता है खराब, यह है इसके पीछे का साइंस

**क्या एग्जाम या इंटरव्यू देने से पहले आपका पेट भी खराब हो जाता है। उसमें हलचल सी मच जाती है। अगर हां तो क्या आपने कभी सोचा कि ऐसा क्यों होता है। दरअसल हमारा मस्तिष्क सीधे तौर पर आंतों से जुड़ा होता है। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट के मुताबिक, स्ट्रेस, एंग्जाइटी का आंत पर बुरा असर पड़ता है। इससे भूख कम जो जाती है और पेट फूला रहता है। ऐसे में इन पर ध्यान देना चाहिए। आइए जानते हैं पाचन से जुड़े 5 ऐसे समस्याओं के बारें में जो संकेत देते हैं कि आप किसी बात को लेकर टेंशन में हैं।**



### ज्यादा घबराहट यानी डायरिया

स्ट्रेस हार्मोन तनाव बढ़ाने का काम करता है। ये बड़ी आंत में मोटर फंक्शन को तेज करने का काम कर सकता है। जिसकी वजह से डायरिया होने का खतरा बढ़ जाता है। इसे एंग्जाइटी डायरिया कहा जाता है, जो आंत और मस्तिष्क से जुड़ा होता है।

### अपच-मतली की समस्या

जब हम चिंता करते हैं तो कुछ हार्मोन और केमिकल रिलीज होने लगते हैं, जो पाचन तंत्र में जाकर उसे खराब करने का काम करते हैं। ये गट फ्लोरा पर निगेटिव असर डालते हैं। ऐसा करने से एंटीबॉडी प्रोडक्शन कम होता है और अपच-मतली जैसी समस्या महसूस होती है।

### मुंह का सूख जाना

जब भी हम चिंता करते रहते हैं तब सिंपैथेटिक नवर्स सिस्टम एक्टिवेट हो जाता है। इस वजह से लार बनने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है और मुंह सूख जाता है। यही कारण है कि कई बार स्ट्रेस होने पर मुंह सूखने लगता है।

### ओवरएक्टिव ब्लैडर


चिंता करने से ओवरएक्टिव ब्लैडर की समस्या हो सकती है। जब हमारा दिमाग तनाव में रहता है तब शरीर में एक प्रतिक्रिया पैदा होती है, जो स्ट्रेस हार्मोन को ब्लड फ्लो में भेज दाती है। इस स्ट्रेस हार्मोन के रिलीज होने पर बार-बार पेशाब महसूस होता है।

### पाचन को दुरुस्त रखने क्या करें

- हमेशा हेल्दी आहार ही चुनें। प्रोसेस्ड और चीनी वाली फूड्स खाने से बचें। सब्जियां, फल, फाइबर से भरपूर चीजें ही खाएं।
- अपने दिमाग को शांत रखने के लिए मेडिटेशन, योगा करें। इससे चिंता और तनाव कम करने में मदद मिल सकती है।
- चिंता और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल प्रॉब्लम से राहत पाने के लिए एक्सरसाइज अच्छा ऑप्शन हो सकता है। यह ब्लड सर्कुलेशन को ठीक कर गुड हार्मोन को रिलीज करता है।
- पाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए दिनभर में 6-8 गिलास पानी जरूर पिएं।
- पेट की सेहत सुधारने के लिए जरूरी विटामिन, मिनरल और पोषक तत्वों के अवशोषण के लिए गैस्ट्रिक जूस का सेवन कर सकते हैं।

# दिन में छोटी सी झपकी लेने के हैं ढेर सारे फायदे, पॉवर नैप का क्या है बेस्ट टाइम?

यूं तो सोने के लिए रात बनी है लेकिन दिन में भी कई बार झपकी आ जाती है। अगर आप दिन में कभी कभार झपकी लेते हैं और या इसे गलत मान रहे हैं तो आपको बता दें कि ये छोटी सी पॉवर नैप बड़े कमाल की चीज है। एक व्यस्त और थका देने वाले दिन में छोटी सी झपकी आपकी प्रोडक्टिविटी को काफी बढ़ा सकती है और इसके कई दूसरे भी फायदे हैं। अगर आप घर से काम कर रहे हैं या फिर ऑफिस में हैं, तब भी आप कुछ मिनट की पॉवर नैप लेने की कला सीख सकते हैं। जानिए दिन में कामकाज के दौरान छोटी सी झपकी के फायदे।



### पॉवर नैप के फायदे

स्लीप साइकोलॉजिस्ट और शोधकर्ता का कहना है कि दिन में कुछ मिनट की झपकी किसी भी इंसान के लिए दवा की तरह कारगर साबित हो सकती है। वो कहते हैं कि दिन भर काम करने के दौरान जब आप झपकी लेते हैं तो इससे आपकी सोचने समझने की क्षमता में इजाफा होता है। आप फ्रेश महसूस करते हैं और तेजी से रिएक्ट करने के लिए काबिल बनते हैं। दिन में छोटी सी झपकी ना केवल आपका मूड फ्रेश करती है बल्कि आपकी मेमोरी भी तेज करती है। इससे आपके शरीर को फिर तेजी से काम करने की ताकत मिलती है और आपका दिमाग पहले की अपेक्षा तेज और उत्साह से काम करने लगता है।

### झपकी लेते समय ध्यान रखें ये बातें

हालांकि दिन में झपकी लेना हर किसी के बस की बात नहीं है। ये एक कला है जो सबको आनी चाहिए। इसके लिए आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे झपकी लेने का सही समय क्या होना चाहिए। झपकी लेने का सही समय दोपहर का वक्त है। आप भोजन से पहले या भोजन के बाद 15 से 20 मिनट की झपकी ले सकते हैं। इससे ज्यादा समय तक झपकी लेने पर आपकी रात की नींद पर असर पड़ सकता है। जरूरी नहीं कि हर बार आपको झपकी में नींद आ ही जाए। लेकिन कोशिश करनी चाहिए कि आंखें बंद रहें और दिमाग कुछ सोच विचार ना करें। एक शांत जगह खोजकर मोबाइल बंद करके और आई मास्क लगाकर आप झपकी ले सकते हैं। कोशिश करें कि झपकी लेने से पहले आप कैफीन ना पिएं। इससे आपको झपकी नहीं आएगी। इसके अलावा झपकी के दौरान आपकी नींद गहरी ना हो जाए इसके लिए आप अलार्म सैट कर सकते हैं।

## किरण राव की लापता लेडीज की रिलीज डेट का हुआ ऐलान

जियो स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस ने 1 मार्च 2024 को किरण राव द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म लापता लेडीज की रिलीज डेट की घोषणा की है। फिल्म का टीज़र पहले से ही किरण द्वारा बनाई गई हंसी-मजाक से भरी दुनिया की एक खूबसूरत झलक पेश कर चुका है, जिसका अनुभव करने के लिए ऑडियंस बेसब्र है। बता दें, ये फिल्म हाल ही में प्रतिष्ठित टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) में स्टैंडिंग ओवेशन के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराही गई, जिससे ये दुनिया भर में गहरा प्रभाव छोड़ गई। वहीं ऑडियंस को और भी उत्साहित करने के लिए मेकर्स ने अब एक नए पोस्टर के साथ कॉमेडी एंटरटेनर की रिलीज डेट का ऐलान किया है, जिसमें लापता लेडीज की अनोखी दुनिया की एक झलक मिलती है। वैसे किरण राव, अपने दूसरे निर्देशन में, एक सिनेमाई प्रस्तुति देने के लिए तैयार हैं, जिसने पहले ही विश्व स्तर पर बहुत सारा प्यार हासिल किया है। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, लापता लेडीज किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है।

## बॉक्स ऑफिस पर सलमान की टाइगर-3 की कमाई में भारी गिरावट

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों सलमान खान और कैटरीना कैफ की फिल्म टाइगर 3 का जलवा देखने को मिल रहा है। फिल्म ने दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया था और समीक्षकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिलने के बावजूद इस फिल्म पर दर्शकों ने भरपूर प्यार लुटाया है। यही वजह है कि फिल्म दुनियाभर में 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट जारी है। टाइगर 3 की कमाई के 16वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने सोमवार को 2.60 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 273.8 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म अभी 300 करोड़ का आंकड़ा पार करने से काफी दूर है। कयास लगाए जा रहे हैं कि एनिमल और सैम बहादुर की रिलीज के बाद फिल्म के लिए कमाई करना मुश्किल हो जाएगा।

## बॉक्स ऑफिस पर 12वीं फेल की कमाई एक महीने बाद भी जारी

बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म 12वीं फेल शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है और रिलीज के एक महीने बाद भी इसकी कमाई जारी है। फिल्म की कहानी और तमाम कलाकारों की अदाकारी को दर्शकों ने काफी पसंद किया, जिसके चलते बॉक्स ऑफिस पर महज 5 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म की कमाई 50 करोड़ रुपये की ओर है। हालांकि, अब 32वें 12वीं फेल की कमाई लाखों में सिमट गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 12वीं फेल ने अपनी रिलीज के 32वें दिन महज 90 लाख रुपये का कारोबार किया और अब इसकी कुल कमाई 47.50 करोड़ रुपये हो गई है।

# दीपा मेहता की अगली फिल्म में नजर आएंगी फ्रीडा पिंटो

**भारतीय सिनेमा की जानी-मानी निर्देशक, निर्माता और लेखिका दीपा मेहता ने आखिरी बार डॉक्यूमेंट्री आई एम सीरत का निर्देशन किया था। अब दीपा अपनी आगामी फिल्म की तैयारियों में जुट गई हैं, जो अवनि दोशी के लोकप्रिय उपन्यास बर्न्ट शुगर पर आधारित होगी। इस फिल्म के लिए दीपा ने फ्रीडा पिंटो के साथ पहली बार हाथ मिलाया है। फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम पूरा हो चुका है और अगले साल की शुरुआत में पुणे में फिल्म की शूटिंग शुरू होगी।**

दीपा ने पहली बार फ्रीडा के साथ काम करने की खबरों पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा, मैं वर्तमान में अवनि दोशी के उपन्यास बर्न्ट शुगर पर आधारित एक फीचर फिल्म पर काम कर रही हूं। फिल्म में फ्रीडा पिंटो मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। मैं उनके साथ काम करने के लिए काफी उत्साहित हूं। इस फिल्म की कहानी मां-बेटी पर आधारित होगी, जिसमें फ्रीडा बेटी का किरदार निभाने वाली हैं। फ्रीडा एक भारतीय अभिनेत्री हैं, जो मुख्य रूप से अमेरिकी और ब्रिटिश फिल्मों में दिखाई दी हैं। मुंबई में जन्मी और पली-बढ़ी फ्रीडा ने छोटी उम्र में ही अभिनेत्री बनने का सपना देख लिया था, जिसे सच करने के लिए उन्होंने मॉडलिंग करना शुरू किया। फ्रीडा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2008 में आई फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर से की थी। वह अब तक लव सोनिया, लव वेडिंग रिपीट, हिलबिली एलीगी और अन्य फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

दीपा मेहता भारतीय सिनेमा की जानी-मानी निर्देशक, निर्माता और लेखिका हैं। उन्हें एलीमेंट्स ट्रिलॉजी, फायर, अर्थ और वॉटर जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। वह एक अभिनेत्री के रूप में भी आशिकी, फॉर द रिकॉर्ड और जुर्म जैसी फिल्मो में काम कर चुकी हैं।



## पूल के किनारे मोनोकिनी पहन भोजपुरी स्टार नेहा मलिक ने इंटरनेट पर शेयर किया बोल्ड लुक



भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक आए दिन अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट सोशल मीडिया पर दुबई वेकेशन की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। साथ ही बोल्ड लुक्स की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। खेसारी लाल की हीरोइन नेहा मलिक भोजपुरी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम है। एक्ट्रेस का हर लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। हालिया फोटोशूट में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने फ्लोरल लुक में मोनोकिनी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी गर्जियस नजर आ रही हैं। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है, साथ ही उनका बोल्ड लुक लोगों को इंप्रेस कर रहा है। नेहा मलिक आए दिन अपनी वेकेशन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। इस बार भी एक्ट्रेस ने दुबई की कुछ फोटोज अपलोड की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने स्विमिंग पूल के किनारे बिकिनी पहन कर अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट किया है। नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

## कॉफी विद करण 8 में नजर आएंगी रानी मुखर्जी और काजोल, 16 साल बाद दिखेंगी साथ



बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक और निर्माता करण जौहर इन दिनों अपने टॉक शो कॉफी विद करण के 8वें सीजन को लेकर चर्चा में हैं। पिछले 5 एपिसोड्स के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद अब कॉफी विद करण 8 का नया प्रोमो सामने आ चुका है। इस सप्ताह बॉलीवुड की दो शानदार अभिनेत्रियां, काजोल और रानी मुखर्जी चैट शो में नजर आएंगी। सामने आए प्रोमो में करण, रानी और काजोल से ढेर सारी बातें करते नजर आ रहे हैं। रानी और काजोल 16 साल बाद करण के शो कॉफी विद करण 8 में नजर आएंगी। इससे पहले दोनों 2007 में शो में एक साथ पहुंची थीं। यह एपिसोड गुरुवार (30 नवंबर) को डिज्नी+हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। रानी और काजोल 1998 में आई फिल्म कुछ कुछ होता है में साथ काम कर चुकी हैं, जो सुपरहिट साबित हुई थी। इसमें सलमान खान और शाहरुख खान भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। यह बतौर निदर्शक करण की पहली फिल्म थी।

## रानी मुखर्जी की मर्दानी 3 की स्क्रिप्ट तैयार, अगले साल शुरू होगी शूटिंग

रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी की तीसरी किस्त को लेकर तरह-तरह की खबरें आती रहती हैं। मर्दानी और मर्दानी 2 की रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी के बाद दर्शक भी मर्दानी 3 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रानी पहले ही इस फिल्म की पुष्टि कर चुकी हैं। फिल्म को लेकर तरह-तरह की रिपोर्ट आती रहती हैं। अब नई जानकारी के मुताबिक फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है। रिपोर्ट्स के अनुसार, मर्दानी 3 की स्क्रिप्ट तय हो चुकी है। गोपी पुथरान ने पिछले कुछ महीनों में फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार की है। इसे रानी के पति और फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा की हामी मिल चुकी है। इसका निर्देशन भी गोपी ही करेंगे। फिलहाल फिल्म की कास्टिंग की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। खबर यह भी है कि मर्दानी की तीसरी किस्त की शूटिंग अगले साल से शुरू होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, रानी फिल्म के लिए एक ठोस स्क्रिप्ट चाहती हैं। उनके अनुसार, कहानी में कुछ वजन होना चाहिए और इसकी कोई प्रासंगिकता होनी चाहिए।रानी चाहती हैं कि कहानी ऐसी हो, जो दर्शकों खासतौर से महिलाओं से जुड़ सके और उन्हें सशक्त बनाने में योगदान दे। फिल्म दर्शकों के दिलो-दिमाग पर प्रभाव छोड़ने वाली हो। इस सीरीज की पिछली फिल्मों में भी यही गुण देखा गया था, जिसकी वजह से उन्हें सफलता मिली थी। मर्दानी 2 2019 में आई थी। यह एक सीरियल किलर और रेपिस्ट को पकड़ने की कहानी थी।मर्दानी 3 के बारे में रानी एक पुराने इंटरव्यू में कह चुकी हैं, मर्दानी और मर्दानी 2 दोनों में ही ऐसे मुद्दों को उठाया गया, जिन्हें सबके बीच लाना जरूरी था।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### राजहरा माइंस ने मनाया गया वार्षिक खदान सुरक्षा पखवाड़ा

**दल्लीराजहरा।** वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह बिलासपुर एवं रायगढ़ इकाई के अंतर्गत राजहरा खदान समूह के राजहरा माइंस के द्वारा सिटीजन क्लब दल्ली राजहरा में सुरक्षा सप्ताह का सांस्कृतिक कार्यक्रम 26 नवम्बर और खदान का निरीक्षण 27 नवंबर को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दल्लीराजहरा खदान समूह के मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवाल एवं निरीक्षण दल के सदस्य के साथ सी. श्रीकांत , महाप्रबंधक राजहरा थे। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रंगोली कलाकार वासु के द्वारा 18 गुना 4 के साइज में खदानों में हो रहे खनन कार्य और भिलाई स्टील प्लांट को दर्शाया गया चित्र था द्य कार्यक्रम का शुभारंभ आद्या सिन्हा के द्वारा गाया गया राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से किया गया द्य राजकीय गीत के सम्मान में सभी खड़े हुए द्य डी ए व्ही इस्पात स्कूल के बच्चों के द्वारा मनमोहक सुरक्षा संबंधित नाटक किया गया एवं स्कूल के बच्चों के द्वारा बहुत सुंदर नृत्य और कविता की प्रस्तुति दी गई। बी एस पी कर्मचारी परमानंद करियारे एवं टीम के द्वारा बहुत सुंदर छत्तीसगढ़ी गीत एवं सुरक्षा संबंधित गाना गाया। कार्यक्रम की तैयारी एवं प्रस्तुति माइंस मैनेजर अमित सिन्हा के द्वारा किया गया।

### संविधान के मूल्यों और लोकतंत्र की रक्षा के आह्वान के साथ लॉयर्स यूनियन का राज्य सम्मेलन संपन्न

**बिलासपुर।** भारत का संविधान स्वतंत्रता आंदोलन की देन है, जो धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक-राजनैतिक-आर्थिक न्याय, भाईचारा और समाजवाद के मूल्यों को प्रतिपादित करता है। यह संविधान भारतीय समाज की विविधता, सांस्कृतिक मूल्यों मानवाधिकारों की हिफाजत करता है। संविधान के इन्हीं बुनियादी मूल्यों पर आज मोदी सरकार हमला कर रही है और एक बहुरंगी समाज को एकरंगी समाज में बदलने की और इसके लिए मनुवाद पर आधारित हिंदू राष्ट्र को थोपने की कोशिश कर रही है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सहिष्णुता की सदियों पुरानी परंपरा आज खतरे में है। इस खतरे का मुकाबला संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक व्यापक जन आंदोलन खड़ा करके ही किया जा सकता है। अधिवक्ताओं की और ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त उदगार लॉयर्स यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव और सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध अधिवक्ता पी वी सुरेंद्रनाथ ने यूनियन के चौथे छत्तीसगढ़ राज्य सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए। लॉयर्स यूनियन के इस सम्मेलन में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल चौहान के साथ मध्यप्रदेश के सुबोध प्रधान तथा उत्तरप्रदेश के ब्रजबीर सिंह ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अधिवक्ता अनिल चौहान ने संविधान के प्रस्तावना की विस्तार से व्याख्या की और देश के अधिवक्ताओं को संविधान का पैदल सैनिक बताया। उन्होंने कहा कि यदि इस देश में किसी दलित बच्चे को घड़े में रखे पानी को पीने के जुर्म में पीट-पीटकर मार दिया जाता है और नक्सलियों के नाम पर जेलें आदिवासियों से ठूंसी पड़ी हो, तो समझिए हमारे देश की जनता आज भी सामाजिक-राजनैतिक न्याय से वंचित है और आजादी के 75 सालों बाद भी हम संविधान की बुनियादी बातों को लागू नहीं कर पाए हैं।इस वंचना के खिलाफ और आम जनता को उसके बुनियादी अधिकार दिलाने के लिए अधिवक्ताओं को संघर्ष करना होगा। आम जनता के अधिकारों की सुरक्षा से ही अधिवक्ताओं के अधिकार भी सुरक्षित होंगे।

### 11 हजार दीपों से जगमगाया हसदेव नदी का तट

**कोरबा।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हसदेव नदी तट हजारों दीपों से जगमगा उठा। बनारस की तर्ज पर शंखनाद के साथ ही नदी तट श्रीराम के जयकारे से गुंजायमान हो गया। मंत्रोच्चार कर विधि-विधान से ब्राम्हणों ने महाआरती की। धार्मिक आयोजन को देखने शहर हसदेव नदी तट पर उमड़ पड़ा। कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने देव दीपावली धूमधाम से मनाया। हसदेव नदी के तट पर 11 हजार दीप प्रज्जवलित किये गए। इसमें बड़ी संख्या में आसपास से आए श्रद्धालु शामिल हुए। देव दीपावली में लगाई गई रंग-बिरंगी लाइटें लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। शाम पांच बजे से पहले ही सर्वमंगला मंदिर स्थित हसदेव तट पर श्रद्धालुओं भीड़ जुटने लगी थी। नदी तट के दोनों हिस्सों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शाम 6.45 बजे हसदेव नदी की महाआरती शुरू हुई। ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के साथ शंखनाद किया। 51 लीटर दूध से नदी की दुग्धाभिषेक हुई। 51 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाई गई। इसके बाद भव्य महाआरती की शुरूआत की गई। ब्राम्हणों ने चारों दिशाओं की महाआरती की। इस क्षण को देख हजारों श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महाआरती को टकटकी लगाए देखते रहे। आतिशबाजी और लेजर लाइटों की रोशनी से हसदेव नदी तट और आसमान सतरंगी रुप में नजर आया। देव दीपावली को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। प्रवाहित जल में दीपदान करने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही।

# महिला कर्मचारियों को सौंपी गई मतगणना की कमान

## निर्वाचन अधिकारियों ने जिला कलेक्ट्रेट में दी ट्रेनिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में दोनों चरण का मतदान संपन्न हो चुका है और आगामी तीन दिसंबर को इस चुनाव के नतीजे आने हैं। कांकेर में पुरुष की अपेक्षा महिला मतदाता ज्यादा हैं जिसे देखते हुए प्रशासन ने मतगणना के दिन मतगणना की कमान महिला कर्मचारियों को सौपा गया है। इसके लिए बकायदा निर्वाचन अधिकारियों ने जिला कलेक्ट्रेट में इन महिला कर्मचारियों को ट्रेनिंग भी दी है।**



जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर के लिए 14-14 सुपरवाइजर और इतने ही गणना सहायक होंगे, जबकि छह-छह रिजर्व अधिकारी रहेंगे।

इसी तरह डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) हेतु कुल 09 टेबल पर 09 सुपरवाइजर और 18 गणना सहायक नियुक्त किए गए हैं। इसके लिए रिजर्व में 03 सुपरवाइजर और 06 गणना सहायक का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि गणना टेबल पर कुल 42 और पोस्टल बैलेट टेबल हेतु 09 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा क्रमशः 08 और 03 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रिजर्व के तौर पर तैनात किए गए हैं।


### महिलाओं के लिए तय किया जा रहा कलर कोड

मतगणना करने के लिए महिला कर्मचारियों के लिए कलर कोड पर विचार हो रहा है। 24 घंटे पहले ही बताया जाता है कि मतगणना करने उनकी ड्यूटी कहां लगाई गई है। ऐसे में सभी महिला कर्मियों को इतने कम समय में एक जैसे रंग के कपड़ों का प्रबंध कर पाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है, पर विचार किया जा रहा है। चार विकल्प में लाल, आसमानी, काला तथा हरा रंग शामिल है।

### महिलाएं भी पुरुषों की तरह काम कर सकती हैं

कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने कहा कि महिलाएं भी पुरुषों जैसा काम कर सकती हैं। समाज को लैंगिक समानता का यही संदेश देने के लिए नई पहल करते हुए मतगणना का काम केवल महिलाओं से ही कराया जा रहा है। जेंडर समानता का ही संदेश देने जिले में 30 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां पूरा मतदान कार्य महिला कर्मचारियों ने सफलता पूर्वक कराया था।

## छत्तीसगढ़ की सिसायत में भूचाल, जीत-हार को लेकर दांव में लगे 4.50 लाख






श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तीन दिसंबर को मतगणना होना है। सभी राजनीतिक पार्टी के नेता अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं प्रदेश की जनता भी 'अबकी बार छत्तीसगढ़ में किसकी बनेगी सरकार'? पर चर्चा कर रहे हैं। वहीं भाजपा और कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने मतगणना से पहले ही रिजल्ट पर दांव लगा बैठे हैं। भाजपा ने दो लाख रुपये का दांव लगाया तो कांग्रेस बढ़कर ढाई लाख रुपये का दांव लगाया है। फिलहाल, यह तीन दिसंबर को ही तय होगा कि छत्तीसगढ़ में किसकी सरकार बनेगी।

भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने जीत का दावा करते हुए दो लाख रुपये का दांव लगाया है। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता सुबोध हरितवाल ने भी जीत का दावा करते हुए ढाई लाख रूपये का दांव लगा दिया है। दोनों ने ही सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट किया है। इस दौरान दोनों ही पार्टी के प्रवक्ता ने एक दूसरे पर निशाना भी साधा है। वहीं दोनों अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि बस कुछ ही दिन फिर छत्तीसगढ़ कांग्रेस मुक्त होने जा रहा है। भय, भूख, भ्रष्टाचार समाप्त, पुरखों का छत्तीसगढ़ बनाएंगे सुशासन लाएंगे। उन्होंने ने इस पर सुबोध हरितवाल टैग कर लिखा कि @subodhharitwal कोई संदेह हो तो दो लाख रूपये की शर्त लगा लीजिए सुबोध जी विदाई का समय आ गया है। दूसरी ओर इस ट्वीट का जवाब देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता सुबोध हरितवाल ने भी सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि आपकी चुनौती स्वीकार है, कमीशनबाज भाजपा को छत्तीसगढ़ की जनता कभी मौका नहीं देगी।

# छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का मिजाज, बढ़ी ठंड



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदल गया है। प्रदेश में बादल छाए रहने के साथ ही मौसम ने करवट ली और कई इलाकों में हल्की मध्यम बारिश हुई। कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई, तो कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ी। बुधवार को भी मौसम ऐसे ही बने रहने की संभावना है। अब न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की की जाएगी और प्रदेश में ठिठुरन बढ़ने लगेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में बारिश की स्थिति बनी हुई है। इससे तापमान गिरेगा और ठंड बढ़ने लगेगी। बीते दिनों मंगलवार को प्रदेश के जांजगीर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम का मिजाज बदलने से प्रदेश के कई जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इससे प्रदेश में सुबह के साथ दोपहर में भी ठंड रहा। इन दिनों छत्तीसगढ़ में धान की कटाई के साथ ही मिजांई का भी काम चल रहा है। मौसम में बदलाव के कारण किसान भी चिंता में हैं। प्रदेश में धान खरीदी भी शुरू हो गया है। बीते दिनों की बारिश से सभी किसान अस्त व्यस्त हो गए। वहीं धान खरीदी केन्द्रों में धान की सुरक्षा के लिए तुरंत इंतजाम किया गया।

बारिश की संभावना से केन्द्रों में इसके लिए पहले से ही तैयारी कर लिया गया था। बीते दिनों मंगलवार को मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी जिला अधिकारीयों को धान की सुरक्षा को लेकर सचेत किया था। वहीं खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने मंदिर हसौद के एक केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों में धान को बारिश से बचने के लिए पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिए। आज भी प्रदेश के इलाकों में मौसम का मिजाज ऐसे ही रहने की संभावना है।

# मेडिकल कॉलेज में मनाया गया हीरेक जयंती वार्षिक उत्सव

## नए बैच के छात्रों के लिए रखा गया क्विज कॉम्पिटिशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में साल 2023 बैच के प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं के लिए मेगा एकेडमिक क्विज सिनैप्स आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय की साहित्यिक समिति (2021 बैच) की ओर से समिति के अध्यक्ष एवं छात्रसंघ के प्रभारी प्राध्यापक डॉ. अरविन्द नेरल के दिशा-निर्देश में हीरक जंयती वर्ष के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को ज्यादा प्रभावशाली एवं आकर्षक बनाने के लिए आयोजित किया गया।**



यह प्रतियोगिता 3 राउंड्स में करवाई गई थी, जिसमें 10 टीमों ने हिस्सा लिया था । इसमें एनॉटामी, फिजियोलॉजी और बायोकेमेस्ट्री विषयों से सवाल पूछे गये थे। प्रश्न कठिन लेकिन ज्ञानवर्धक और रुचिकर थे, जिन्हें सलीके से संजोकर बड़े आकर्षक रूप से क्विज़ का संचालन किया गया। उपस्थित श्रोता विद्यार्थियों के लिए भी रुचिकर सवालात रखे गये जिनका उन्होंने भरपूर आनन्द लिया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक 2021 बैच के संस्कार गुप्ता, साक्षी कन्नौजे, मृदुलिका गांगुली, हरिकिशन साहू, वर्षा रानी बारीक, मो. काशिफ इमाम, रितेश गुप्ता, अली असगर नकवी और यशवंत साहू थे।


कार्यक्रम में प्रतियोगिता निर्णायक के तौर पर पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द नेरल, बायोकेमेस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. पी. के. खोडियार, और एनॉटामी विभाग प्रमुख डॉ. जागृति अग्रवाल थे। इनके अलावा सह-प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुर्रे, डॉ. संगीता खरे, डॉ. रजनी ठाकुर, डॉ. नमिता श्रीवास्तव, डॉ. देवप्रिय रथ, डॉ. दीप्ति चन्द्राकर, एवं डॉ. कुशल चक्रवर्ती भी उपस्थित थे। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम में शुभांगी लाल, स्मृति आचार्य, वैदेही आनंद थे।

द्वितीय स्थान पर रिचा पटेल, प्रशस्ति अग्रवाल, प्रिंस टंडन एवं तृतीय स्थान पर यश अग्रवाल, यश राजपूत और विशाल जंघेल ने जगह बनाई। इन विजेताओं को रनिंग ट्राफी और मेडल्स पुरुस्कार में दिये गये।

# मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का नौवा चरण की शुरुआत 18 दिसंबर तक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा। जिले में चल रहे मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत संचालनालय स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा निर्देशानुसार जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के नौवा चरण की शुरुआत आज से प्रारंभ हो गई है। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य दल के द्वारा घर-घर जाकर मलेरिया की जांच की जाएगी।**



यह अभियान बस्तर संभाग के समस्त जिलों में चलाया जा रहा है। समुदाय में मलेरिया परजीवी को समूल नष्ट करने हेतु अभियान चलाकर मास स्क्रीनिंग गतिविधियां किया जाएगा। अभियान के दौरान धनात्मक पाए गए रोगियों को पूर्ण उपचार देने से मलेरिया परजीवी को नष्ट किया जा सकता है। इसके साथ-साथ उन क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों के द्वारा मच्छरदानी की नियमित उपयोग तथा लार्वा स्रोत नियंत्रण गतिविधियों के क्रियान्वयन से संबंधित क्षेत्र को मलेरिया मुक्त बनाया जा सकता है। इसके पूर्व भी जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के लगभग आठ चरण चलाए गए हैं। जिससे लगातार जिले में एपीआई का प्रतिशत गिरा है एवं मलेरिया के धनात्मक मरीजों में गिरावट आई हैं। उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु ग्राम वार मलेरिया के धनात्मक प्रतिशत के अनुसार प्रतिवर्ष एक से दो बार मास स्क्रीनिंग गतिविधियां किया जाता है। जिसके अंतर्गत यह अभियान चलाया जा रहा है। जिले में लगभग 64 उप स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 206 ग्राम के 216510 (2 लाख 16 हजार 5 सौ 10) लोगों की मलेरिया की जांच की जाएगी। इसके अतिरिक्त 34 अर्धसैनिक बलों के कैंप में भी मलेरिया की जांच की जाएगी, इसके लिए जिला स्तर से कुल 206 सर्वे दल का गठन किया गया है।

जो घर-घर जाकर लोगों की मलेरिया की जांच करेगी। अभियान के बेहतर क्रियान्वयन हेतु 22 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। इस क्रम में आज जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत कुपेर से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक के द्वारा ग्राम पंचायत कुपेर को मलेरिया मुक्त मनाने हेतु संकल्प दिलाया गया साथ ही साथ अपने एवं अपने घर वालों की मलेरिया की जांच अनिवार्य रूप से करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस मंडल एपिडेमियोलॉजी डॉ सीमा तिग्गा मीडिया अधिकारी अंकित सिंह विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक जीवन नाग खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी बीएस नेताम, मलेरिया सलाहकार प्रदीप पाल, भूपेंद्र साहू, आर बी मरकाम, अर्चना हालदार एवं ग्राम पंचायत कुपेर के समस्त मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लौहनगरी में सिक्ख समुदाय ने मनाई धूमधाम से गुरुनानक देव की जयंती

**किरन्दुल।** बैलाडिला की लाल पहाड़ियों के नीचे बने गुरुद्वारे में सिख समुदाय व नगर परिवार द्वारा बड़े ही धूमधाम से गुरुनानक जयंती मनाई गई। सोमवार सुबह प्रभातफेरी के साथ भजन कीर्तन करते हुए किरन्दुल नगर में गुरुनानक जी का संदेश दिया गया। गुरुद्वारा में शब्द कीर्तन सह अनेक कार्यक्रम के साथ गुरु नानक जयंती सम्पन्न हुआ। गुरूनानक जयंती पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने विराट लंगर का आयोजन किया जिसमें हज़ारों लोगों ने लंगर खाया। कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र ड्क्षसह उपाध्यक्ष गजेंद्र अरोरा ने कहा गुरु नानक देव के जन्म दिवस के अवसर पर सिक्ख समुदाय द्वारा इसे प्रकाश पर्व के रूप में मनाते है। गुरुनानक देव ने समाज को एकता में बांधने और जाति-पाति को मिटाने के लिए हमेशा प्रयास किये। इस अवसर पर गुरुद्वारा में सामूहिक लंगर कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें शहरी ग्रामीण बड़ी संख्या में लोग जुटे।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### आरक्षक ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या, थाना परिसर में उठाया आत्मघाती कदम

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आरक्षक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मामला यहां के छिंदगढ़ थाना क्षेत्र का है। घटना सोमवार देर शाम की बताई जा रही है। आरक्षक ने अपनी सर्विस बंदूक से खुद को गोली मार ली। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरक्षक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

मिली जानकारी अनुसार सोमवार शाम लगभग 6.45 बजे थाना छिंदगढ़ (सुकमा) के आरक्षक नरेंद्र नेगी (25) ने थाना परिसर में खुद को अपनी सर्विस इंसास राइफल से गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर थाने में मौजूद अन्य सिपाही मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल नरेन्द्र को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि जवान की गोली लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई।

जवान की आत्महत्या का कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। बताया जा रहा है कि जवान नरेन्द्र नेगी लंबे समय से सिर पर कोई पुरानी चोट परेशान था। बार-बार इलाज करवाने पर भी इसमें सुधार नहीं हो रहा था। माना जा रहा है कि जवान ने संभवत: इसी वजह से आत्मघाती कदम उठाया। बहरहार पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है।

### चीतल के लिए बिछाया था करेंट, हाथी की चली गई जान

**बिलासपुर (ए)।** खुड़िया रेंज के भूतकछार में हाथी के शिकार के मामले में मुख्य आरोपित की पहचान हो गई है। वन विभाग ने जिन छह संदेहियों को पकड़ा था, उनमें ही एक मुख्य आरोपित निकला। पूछताछ में पांच अन्य आरोपितों के नाम सामने आए हैं। वहीं पांच संदेहियों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। फरार आरोपितों की तलाश जारी है।

घटना ग्राम भूतकछर अंतर्गत कक्ष क्रमांक 486 की है। डाग की मदद से वन विभाग ने छह संदेहियों को पकड़ा। सख्ती से पूछताछ भी की जा रही थी। पूछताछ के दौरान संदेहियों में एक महेंद्र मरावी, निवासी सरगढ़ी ही मुख्य आरोपित निकला। पांच अन्य को छोड़ दिया गया। मुख्य आरोपित से पूछताछ की गई तब उसने पांच अन्य ग्रामीणों की संलिप्तता की जानकारी दी। पांचों फरार हैं। आरोपी ने यह भी बयान दिया कि करेंट उन्होंने जंगली सूअर, चीतल आदि जानवरों के लिए बिछाया था।

# गुंडे-बदमाशों को जमानत देने वालों पर भी होगी कर्रवाई, दुर्ग पुलिस ने दी चेतावनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** गुंडा बदमाशों को जमानत देना भी भारी पड़ सकता है। दुर्ग एसपी रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को दुर्ग पुलिस ने शहर के निगरानी गुंडा बदमाशों की हाजिरी लगवाई गई। दुर्ग जिले के अलग अलग थानों में 100 अधिक बदमाशों को बुलाकर शहर में शांति बनाए रखने सख्त हिदायत दी गई। पुलिस के सामने हाजिरी देने वाले बदमाश बार बार जेल जा चुके हैं और जमानत पर बाहर हैं। इसे देखते हुए अब पुलिस ऐसे जमानत दारों पर भी कार्रवाई करेगी जिसकी जमानत पर छूटा बदमाश फिर किसी अपराधिक कृत्य में गिरफ्तार होता है।





दुर्ग जिले में लगातार बढ़ रही चाकूबाजी, चोरी, लूट जैसे अपराधों पर नकेल कसने एसपी रामगोपाल गर्ग द्वारा सभी थानों को विशेष निर्देश दिया गया है। इसी कड़ी में दुर्ग पुलिस ने मंगलवार को अलग अलग थानों में शहर के गुंडा बदमाशों की क्लास लगाई गई। इस दौरान 100 से ज्यादा बदमाशों की धरपकड़ की गई। चाकूबाजी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को सख्त चेतावनी दी गई। इन्हें इस तरह के अपराधिक कृत्यों से दूर रहने, किसी भी घटना में संलिप्तता की सूचना प्राप्त होने पर ठोस एवं प्रभावी किए जाने की चेतावनी दी गई। चाकूबाजी की घटना में संलिप्त रहने वाले बदमाशों के खिलाफ धारा 151 एवं 107,116 (3) के तहत कार्रवाई की गई।

#### जमानत दारों पर कार्रवाई

गुंडा बदमाशों की हाजिरी के दौरान देखा गया कि ऐसे बदमाश भी हैं जो अपराध के बाद जमातन पर छूटे हैं। जमानत पर छूटने के बाद फिर से किसी न किसी अपराधिक मामले में फिर से जेल गए और फिर से जमानत पर छूटे। दुर्ग पुलिस ने चेतावनी दी है कि ऐसे जमानतदारों पर भी अब प्रभावी कार्रवाई की जाएगी जिनकी जमानत पर बाहर आने के बाद दोबारा किसी मामले में बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आता है। दुर्ग पुलिस के इस निर्देश के बाद अब जमानत देने से पहले जमानतदारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जिसकी जमानत वे ले रहे हैं वह दोबारा किसी अपराधिक घटना में लिप्त नहीं होगा।

## राजधानी में दिन दहाड़े युवती पर जानलेवा हमला, दोस्ती करने से मना किया तो बदमाश ने मारा चाकू

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी में बदमाशों के हौसले काफी बुलंद हो गए हैं। यहां के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक सिरफिरे ने युवती पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। युवती का कुसूर सिर्फ इतना था कि उसने युवक को इग्नोर किया। फिलहाल घायल अवस्था में युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद आरोपी फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

घटना के संबंध में सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि धनेश्वरी विश्वकर्मा गांधी नगर में रहती है। पूर्व में वह शक्ती नगर में होटल चला रही थी। इस दौरान कौशल यादव नाम का युवक उसके होटल में आता था और दोस्ती करने के लिए दबाव बना रहा था। कौशल यादव के कारण युवती ने होटल बंद कर दिया और दूसरी जगह नौकरी की तलाश करने लगी। इस बीच युवती सोमवार को अखिलेश च्वाईस सेंटर गांधी नगर पंडरी मे रिज्यूम बनवाने जा रही थी। सुबह 10.50 बजे बब्बी राय गली मे कौशल यादव ने युवती का रास्ता रोक लिया और उसे धमकाने लगा। कौशल यादव ने युवती को रोककर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू उसके पेट में घोप दिया। यही नहीं बदमाश ने युवती के गाल पर भी चाकू मारा। युवती इधर-उधर भागने लगी और शोर मचाया। आसपास लोग जमा हुए तो बदमाश भाग गया। इसके बाद युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## आमने-सामने से टकराए हाईवा और कार, तीन की मौत



**भिलाई।** जामुल थाना क्षेत्र में बीती रात हाइवा व कार की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार बुजुर्ग महिला सहित तीन की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची जामुल पुलिस ने शवों को सुपेला शास्त्री अस्पताल भेजा। मृतक स्मृति नगर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई से अहिवारा रोड पर खेदामारा व जामुल के बीच मंगलवार की रात को हाईवा ने कार को ठोकर मार दी। हाईवा और स्विफ्ट कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। स्विफ्ट डिजायर कार सीजी 07 एएस 4731 भिलाई की ओर आ रही थी। इसी दौरान खेदामारा व जामुल के बीच ग्राम ढौर के पास दस चक्का हाइवा वाहन ने कार को ठोकर मार दी। बताते हैं कि हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमें कार सवार एक पुरुष और दो महिलाओ की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पी वेंकट (70), पी शांति (60) व इनकी बुजुर्ग मां के रूप में हुई है। घटना के बाद से हाईवा का चालक फरार बताया जा रहा है। तीनों मृतक अपनी कार से बेरला से भिलाई लौट रहे थे।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/चार/स.वि./2023/587/383

भिलाई, दिनांक/ 24/11/2023

-::नामान्तरण प्रकाशन हेतु::-

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले समस्त हितग्राहियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हस्तान्तरिती के नाम से हस्तांतरण करने मे यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।


| क | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तातरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व0 श्रीमती मुन्नर बाई पति श्री चमन लाल, शास्त्री नगर केम्प 01 | श्री अनील साव आ0 श्री चमन लाल, शास्त्री नगर केम्प 01 | वारिसान | शास्त्री नगर केम्प 01 आवा.व्यवस्थापन भूखण्ड आकार 1098 व0फु0 |
| 2. | श्री कोमल कुमार आ0 स्व0 दयानंद गुप्ता एवं श्रीमती सविता देवी पति स्व0 कीर्ति कुमार गुप्ता, म.नं. 311 बैकुण्ठ नगर केम्प 02 भिलाई | श्री सुरेन्द्र महाजन आ0 नंद लाल महाजन, सर्कुलर मार्केट केम्प 02 भिलाई | बिकीनामा | सर्कुलर मार्केट केम्प 02 व्यवसायिक व्यवस्थापन भूखण्ड आकार 102.50 व0फु0 |
| 3. | श्रीमती पूनम तोमर पति श्री रामपाल तोमर, मदर टेरेसा नगर भिलाई | इसरार कुरैशी आ0 नथ्थू कुरैशी एवं सलमा कुरैशी पति इसरार कुरैशी | बिकीनामा | मदर टेरेसा नगर आवासीय योजना, ब्लाक 35 भूखण्ड कमांक 01 आकार 57 व0मी0 |
| 4 | श्रीमती पूनम तोमर पति श्री रामपाल तोमर, मदर टेरेसा नगर भिलाई | इसरार कुरैशी आ0 नथ्थू कुरैशी एवं सलमा कुरैशी पति इसरार कुरैशी | बिकीनामा | मदर टेरेसा नगर आवासीय योजना, ब्लाक 35 भूखण्ड कमांक 03 आकार 57 व0मी0 |
| 5 | श्रीमती पूनम तोमर पति श्री रामपाल तोमर, मदर टेरेसा नगर भिलाई | इसरार कुरैशी आ0 नथ्थू कुरैशी एवं सलमा कुरैशी पति इसरार कुरैशी | बिकीनामा | मदर टेरेसा नगर आवासीय योजना, ब्लाक 35 भूखण्ड कमांक 02 आकार 57 व0मी0 |
| 6. | श्रीमती बेला देवी पति स्व0 गुलाब चंद, बाबूनंद चौहान आ0 स्व0 गुलाब चंद, श्री राजा चौहान आ0 स्व0 गुलाब चंद, हार्डवेयर लाईन सुपेला भिलाई | श्रीमती सत्या देवी पति श्री गणेश चौहान, चिंगरी पारा सुपेला | बिकीनामा | चिगरी पारा सुपेला आवासीय व्यवस्थापन भूखण्ड कमांक 1307 आकार 20.52 व0मी0 |
| 7 | श्री अमर जीत सिंग आ0 स्व0 कुन्दन सिंग, म.नं. 185 भूमि ट्रेडर्स लिंक रोड केम्प 02 भिलाई | श्री अमर बजाज आ0 श्री दयाराम बजाज, ई डब्ल्यू एस 445 वैशाली नगर भिलाई | बिकीनामा | लिंक रोड केम्प 02 व्यवसायिक व्यवस्थापन भिलाई भूखण्ड कमांक 185 आकार 240 व0फु0 |
| 8. | श्री अमर जीत सिंग आ0 स्व0 कुन्दन सिंग, म.नं. 185 भूमि ट्रेडर्स लिंक रोड केम्प 02 भिलाई | श्री अमर बजाज आ0 श्री दयाराम बजाज, ई डब्ल्यू एस 445 वैशाली नगर भिलाई | बिकीनामा | लिंक रोड केम्प 02 व्यवसायिक व्यवस्थापन भिलाई भूखण्ड कनांक 185 आकार 336 व0फु0 |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई

## हार्ट ब्लॉकेज की खबर सुनते ही डिप्रेशन में आया युवक, तीसरी मंजिल से लगाई छलांग, मौके पर मौत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के राजेंद्र नगर क्षेत्र में स्थित श्रीअनंत साईं अस्पताल की तीसरी मंजिल से एक व्यक्ति ने छलांग लगा लगा दी जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। यह व्यक्ति उड़ीसा का बताया जा रहा है और अस्पताल में हड्डी रोग का इलाज करने के लिए अस्पताल में पहुंचा हुआ था। जिसे चेकअप के दौरान डॉक्टर ने हार्ट ब्लॉकेज का होना बताया यह खबर सुनते ही वह डिप्रेशन में आ गया और उसने अस्पताल की बिल्डिंग से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। वहीं इसके अन्य पहलुओं पर भी पुलिस जांच कर रही है। मृतक के परिजनों ने इस अस्पताल की लापरवाही बताते हुए मुआवजे की मांग की है।






#### उड़ीसा का रहने वाला था बहादुर

जानकारी के अनुसार मृतक का नाम बहादुर बारिया बताया जा रहा है जो कि उड़ीसा के मडिया दीपा थाना पैटमल जिला बरगढ़ का निवासी था। मृतक बहादुर का 6 लोगों का परिवार था उसके ऊपर पत्नी, चार बेटी और एक बेटे की जिम्मेदारी थी। इन्हीं जिम्मेदारियां के साथ वह वेल्डिंग मिस्त्री का काम करता था। बताया जा रहा है कि वह 19 नवंबर को परिवार के अन्य लोगों के साथ अपना इलाज करने के लिए रायपुर के श्रीअनंत साईं अस्पताल में भर्ती हुआ था। बहादुर का ऑर्थो डिपार्टमेंट में इलाज चल रहा था।

#### पुलिस ने बताया

पुलिस के अनुसार 23 नवंबर को से तकलीफ होने के कारण उसके हार्ट का चेकअप कराया गया था। जिस जांच में उसे ब्लॉकेज की जानकारी पता चली। जानकारी होने के बाद वह बहुत डिप्रेशन में आ गया और अस्पताल की तीसरी मंजिल की खिड़की से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली है। फिलहाल अस्पताल प्रबंधन के बयान के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया है। इस पूरी घटना में परिजन अभी भी सदमे में है। वह लगातार अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का इल्जाम लगाते हुए मुआवजे की मांग कर रहा है।

#### घटना का लाइव वीडियो आया सामने

वही इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया में भी सामने आया है जिसमें यह देखा जा सकता है कि एक युवक बिल्डिंग की खिड़की से कूद रहा है। इस पूरी घटना के दौरान खिड़की पर एक युवक का हाथ भी देखा जा रहा है जो उसे बचाने का प्रयास कर रहा है वही वीडियो में कुछ लोग जोर-जोर से आवाज लगाकर रुकने के लिए कह रहे हैं। खिड़की से कूदने के बाद युवक सीधे सर के बाल गिरा जिसके बाद उसकी घटनास्थल पर ही कुछ पल में ही मौत हो गई।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### वायर रॉड मिल ने बनाया उत्पादन का नया रिकॉर्ड

**भिलाई।** 25 नवंबर 2023 को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की वायर रॉड मिल ने 6 एमएम आयाम में 1675 टन (1727 कॉइल) प्लेन वायर रॉड्स का उत्पादन कर एक नया रिकॉर्ड बनाया। मिल ने 29 जुलाई 2023 को दर्ज 1618 टन (1688 कॉइल) प्लेन वायर रॉड्स के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार करते हुए नया रिकॉर्ड बनाने में कामयाबी हासिल की। इस रिकॉर्ड को बनाने के 6 दिन पूर्व मिल ने टीएमटी वायर रॉड्स की रोलिंग में नया दैनिक रिकॉर्ड बनाया था। 19 नवंबर 2023 को डब्ल्यूआरएम ने 8 और 10 मिलीमीटर (मिमी) के सेक्शन में 1657 टन टीएमटी एफ्ई 500 डी इक्यूआर वायर रॉड्स की रोलिंग कर, 10 अप्रैल 2023 के पिछले सर्वश्रेष्ठ 1632 टन के के रिकॉर्ड को पार किया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के पहले सात महीने अप्रैल से अक्टूबर 2023 की अवधि में वायर रॉड मिल ने पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन में 31.9 प्रतिषत की वृद्धि दर्ज की है। मिल ने अप्रैल से अक्टूबर 2023 की अवधि में 2,57,989 टन का उत्पादन दर्ज करते हुए, अप्रैल से अक्टूबर 2022 में स्थापित 1,95,655 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। प्लेन वायर रॉड्स के अतिरिक्त वायर रॉड मिल स्पेषल ग्रेड स्टील में उच्च जंगरोधी और भूकंपरोधी ग्रेड के टीएमटी वायर रॉड्स तथा इलेक्ट्रोड क्वालिटी (ईडब्ल्यूएनआर) आईएस-2879 का उत्पादन करती है।

### डेंगू की रोकथाम हेतु सघन अभियान

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 28 नवंबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के प्रकरण निरंक है। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव भर्ती मरीज की संख्या 01 है। डेंगू संभावित मरीज के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 192366 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-216197 जिनमें से 87516 खाली कराये गये। सभी कटेनरों में 120776 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया, 188440 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी।

### मृतिका के परिजन को मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दुर्घटना में मृतिका के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मगरघटा तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी आरती बांधे की विगत 10 अप्रैल 2023 को मगरघटा बसी तालाब में नहाते वक्त डूबने के कारण मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा मृतिका स्व. आरती बांधे के पिता सुरेश बांधे को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# अधिकारियों को मतगणना एवं सीलिंग कार्य के लिए दिया गया प्रशिक्षण

### जिले के 6 विधानसभाओं के आरओ, एआरओ हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना कार्य 03 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। जिले के सभी 6 विधानसभाओं के मतगणना में शामिल रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को बीआईटी सभागार दुर्ग में प्रशिक्षण दिया गया। मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी दी गई।



निर्वाचन प्रशिक्षक ने मतगणना के दौरान किए जाने वाले दायित्वों की विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना पूरी निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम परंतु सबसे संवेदनशील चरण है। इसलिए गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक के रूप में आपका काम सरल होने के बावजूद आपको इसे अत्यंत गंभीरता से लेना चाहिए। मतगणना से संबंधित महत्वपूर्ण वैधानिक प्रावधान, मतगणना केन्द्र पर आवश्यक व्यवस्थाओं, ईवीएम द्वारा मतगणना, वीवीपैट पर्चियो की गणना, डाक मतपत्रों की गणना एवं परिणाम की घोषणा के बारीकियों के संबंध में गहन प्रशिक्षण दिया गया।

मतगणना के दौरान कौन-कौन सी जरूरी सावधानी बरती जानी है एवं इस दौरान कौन-सी प्रारूप में आवश्यक प्रतिपूर्ति की जानी, इसकी जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया गया। विधानसभावार 14 टेबल में मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल में एक सुपरवाईजर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, गणना सहायक और माईक्रोआब्जर्वर होंगे। डाक मतपत्र को दो वर्गो में बांटा गया है, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट एवं साधरण डाक मतपत्र। दोनों की गणना के लिए अलग गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक होंगे। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती प्रारंभ होगी। डाक मतपत्रों की गणना रिटर्निंग ऑफिसर करेंगे।

इस कार्य के लिए नियुक्त गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक उनकी सहायता करेंगे। डाक मतपत्रों की वैधता के बारे में आरओ का निर्णय ही मान्य होगा। साथ ही ईटीपीबी से भिन्न डाक मत के निरस्त अथवा अमान्य होने के आधार को भी बताया गया। मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु निर्धारित लोगों को प्रवेश पास जारी किया जाएगा। मतगणना स्थल पर मोबाईल फोन या अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण लेकर प्रवेश करना पूर्णतः वर्जित होगा। मतगणना के दौरान प्रथम पंक्ति में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल के गणना अभिकर्ता, द्वितीय पंक्ति में अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त राज्य दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ता बैठ सकेगा।

#### सीलिंग कार्य के लिए दिया गया प्रशिक्षण

निर्वाचन प्रशिक्षक लक्ष्मीकांत भारती ने बताया कि मतगणना पश्चात ईवीएम, वीवीपैट एवं डाक मतपत्र में सीलिंग के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के विधानसभावार परिणाम घोषणा के पश्चात डाक मतपत्र की गणना करने वाले टीम के द्वारा ही विधानसभावार डाक मतपत्रों का सीलिंग का कार्य संपन्न कराया जाएगा जिसके लिए एक प्रभारी अधिकारी और एक सहायक होगा। सीलिंग की प्रक्रिया में पहला पैकेट विधिमान्य बड़ा लिफाफा (प्रारूप-13 ग), दूसरा पैकेट विधिमान्य निर्वाचक का घोषणा (प्रारूप-13 क), तीसरा पैकेट विधिमान्य छोटा लिफाफा (प्रारूप-13 ख), चौथा पैकेट प्रतिक्षेपित छोटा लिफाफा (प्रारूप-13 ख) का जो बड़े लिफाफे (प्रारूप-13 ग) में रखकर सील किया जाएगा।

# डाक मतपत्रों की कमजोर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भाजपा नेताओं ने जताई नाराजगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दुर्ग जिले के भाजपा प्रत्याशियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं प्रमुख भाजपा नेताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर से मिलकर डाक मत पत्रों की सुरक्षा के बारे में असंतोष जताते हुए नाराजगी जताई और ट्रेजरी में संधारित किए जा रहे डाक मत पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लिखित सुझाव दिए।



इस दौरान भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, भिलाई नगर भाजपा प्रत्याशी प्रेम प्रकाश पाण्डेय, दुर्ग ग्रामीण भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर, वैशाली नगर भाजपा प्रत्याशी रिकेश सेन जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, योगेंद्र सिंह, जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं निर्वाचन अभिकर्ता राजेंद्र कुमार, निर्वाचन अभिकर्ता भोजराज सिन्हा, सौरभ चौबे, विनायक नातू, आशीष खंडेलवाल उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान भाजपा नेताओं ने आपत्ति करते हुए कहा कि दुर्ग जिला कोषालय रखे जा रहे डाक मतपत्रों के कमरे के सामने सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने हेतु आदेशित किया। भाजपा नेताओं ने इस पर प्रत्युत्तर देते हुए कहा कि इतने लंबे समय से बिना सिक्योरिटी गार्ड और बिना सीसीटीवी कैमरे के डाक मत पत्रों को रखा गया अब तक उसमे धांधली नहीं हुई होगी इसकी क्या गारंटी है?

भाजपा नेताओं ने इस बिंदु पर भी रोष व्यक्त किया कि डाक मत पत्र पोस्ट ऑफिस से आने के बाद और कोषागार में रखे जाने से पहले जिन कर्मचारियों के कब्जे में रहता है, उनके द्वारा सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के प्रभाव में आकर हेरा फेरी किए जाने की पूरी गुंजाइश है। दुर्ग जिले में डाक मतपत्रों को लेकर बेहद लापरवाही बरती जा रही है। दुर्ग जिला निर्वाचन प्रशासन द्वारा कोषालय के प्रतिदिन खोलने और बंद करते समय सीलिंग प्रक्रिया में दरवाजे पर लगाई जाने वाली कागज की सील में केवल प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर किया जा रहा है, उसमें किसी भी विधानसभा के किसी भी प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल की प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर नहीं लिए जा रहे हैं जो कि स्पष्ट रूप से डाक मत पत्र में धांधली की संभावना को प्रकट करता है।

भाजपा नेताओं ने अपने सुझाव पत्र में कहा कि ट्रेज़री में अनाधिकृत व्यक्तियों की आवा-जाही अत्यधिक है जिस कारण इन मतपत्र में हेराफेरी की प्रबल संभावना है। इसके अतिरिक्त कांग्रेस के पक्ष में पूर्वाग्रह से ग्रसित कुछ अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा भी मतपत्रो में अनाधिकृत हस्तक्षेप किया जा रहा है। इस स्थिति में इन मतपत्रो की सुरक्षा में लगे कर्मियों की संख्या बढ़ाकर तथा सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाकर सुरक्षा बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।

# पीएचडी की आरडीसी की बैठक 6 से 21 दिसंबर तक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग में सत्र 2022-23 में पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा उत्तीर्ण शोधार्थियों की 17 विषय में आरडीसी की बैठक 06 दिसंबर से प्रारंभ होकर 21 दिसंबर तक आयोजित होगी।

यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर स्थित टैगोर हॉल तथा लाइब्रेरी में आयोजित होने वाली इन 17 विषयो में हिन्दी, अंग्रेजी, वाणिज्य, एजुकेषन, बायोटेक्नॉलाजी, माइक्रो बायोलॉजी, वनस्पति शास्त्र, प्राणीषास्त्र, रसायन, भौतिकी, गणित, इतिहास, राजनीतिषास्त्र, समाजषास्त्र, भूगोल, अर्थषास्त्र, होमसाइंस विषय शामिल है।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक विषय की आरडीसी की बैठक में विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के बाहर के विषय-विशेषज्ञ, संकाय अध्यक्ष तथा संबंधित विषय के अध्ययनमंडल के अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

इन विशेषज्ञों के समक्ष शोधार्थी को अपने शोध विषय से संबंधित जानकारी देनी होगी। उपयुक्त पाये जाने पर शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत संक्षेपिका का अनुमोदन विषय-विषेषज्ञ करेंगे। यदि विषेषज्ञों की राय में शोधार्थी के शोध शीर्षक अथवा शोधविषय में किसी संषोधन की आवष्यकता होगी तो उसकी जानकारी भी शोधार्थी को प्रदान की जायेगी।

यूजीसी के नियमानुसार आरडीसी की बैठक में एक बार यदि शोधार्थी की शोधसंक्षेपिका एवं शोधषीर्षक अनुमोदित हो जाता है तो उसके पश्चात् उसमें किसी भी प्रकार का संषोधन संभव नहीं है।

# वोरा ने शिगणापुर में शनि मंदिर एवं शिरडी के सांई बाबा मंदिर में किए दर्शन

### चुनाव में विजय के साथ प्रदेश की खुशहाली की कामना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विधायक अरुण वोरा ने सोमवार को शिरडी के सांई बाबा मंदिर में दर्शन किए और चुनाव में स्वयं की जीत के साथ ही प्रदेश में कांग्रेस की विजय की कामना की। वोरा ने दुर्ग शहरवासियों के कल्याण और सुख समृद्धि के साथ ही पूरे प्रदेश में लोगों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

वोरा ने महाराष्ट्र के अहमद नगर स्थित शिगणापुर के शनि मंदिर में भी शनिदेव के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। वोरा ने विधानसभा चुनाव में विजय के साथ सभी के कल्याण और सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान वोरा की धर्मपत्नी मंजू वोरा भी मौजूद रही। मान्यता है कि शिरडी के सांई बाबा मंदिर में आने वाले भक्तों की कामना पूरी होती है। इसी तरह महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित शिंगणापुर को शनिदेव का जन्म स्थान माना जाता है। यहां शनि देव की काले रंग की प्रतिमा स्वयंभू मानी जाती है। शनिदेव की प्रतिमा के ऊपर कोई छत नहीं है। खुले आसमान के नीचे शनि देव जी की प्रतिमा पत्थर के रुप में स्थापित है। मान्यता है कि यहां शनि देव जी की प्रतिमा के दर्शन मात्र से शनि दोष दूर हो जाता है।

# भिलाई विद्यालय में 75वां एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई विद्यालय, सेक्टर 2 में 26 नवंबर 2023 को 75 वां एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार तथा विशिष्ट अतिथि सूबेदार अमरेश सिंह, हवलदार विजय पाटिल रहे। भूतपूर्व एनसीसी ऑफिसर जी एल साहू, परवेज अहमद, जी पी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।




मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण पश्चात परेड का निरीक्षण किया गया और मार्च पास्ट की सलामी ली गई, साथ-साथ स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। पुष्प गुच्छ से सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि श्री विजय सिंह पवार ने अपनी उद्बोधन में कहा कि जीतने वाले कोई अलग काम नहीं करते वह हर काम को अलग ढंग से करते हैं। एनसीसी हमें अनुशासन सिखाती है और आगे बढ़ने में मदद करती है।

मनीषा मल्होत्रा और सतीश मिश्रा के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया है। पूर्व एनसीसी ऑफिसर जीपी शर्मा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी संदेश का वाचन पूर्व एनसीसी ऑफिसर परवेज अहमद के द्वारा एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। एनसीसी की क्रियाकलापों और उपलब्धियों का वार्षिक प्रतिवेदन एनसीसी ऑफिसर डॉ प्रवीण कुमार विश्वकर्मा के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत वंदना सोनवाने एवं यास्मीन के मार्गदर्शन में देशभक्ति से परिपूर्ण समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया है। सेक्शन अटैक डेमो का प्रदर्षन श्री केतन टंडन के नेतृत्व में हवलदार विजय पाटिल 37 एनसीसी बटालियन दुर्ग के मार्गदर्शन में किया गया। श्री एस के साहू के मार्गदर्शन में प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन किया गया।

सरजीत सोना को कैंप डिबेट एंड फायरिंग, वर्षा शर्मा को कैंप ड्राइंग एवं डांस, मोहम्मद अहमद को बेस्ट परेड, पायलटिंग ऑफ सेशन में कृतिका, प्रियंका, नेहा और दिव्या उपाध्याय को, प्लाटून कमांडर प्रिंस चैधरी, काजल सोनकर, अंकुश सोनकर, परेड कमांडर हितेश कुमार को एनसीसी की वर्षभर की क्रियाकलापों एवं उपलब्धियां हेतु मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के पूर्व एनसीसी अधिकारी जी पी शर्मा ने समस्त कैडेट्स और उपस्थित अतिथियों को एनसीसी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की रोचक जानकारी से अवगत कराया।

विद्यालय के अतिरिक्त वरिष्ठ व्याख्याता सुरेंद्र कुमार खोबरागड़े ने कार्यक्रम संचालन किया। श्रीमती सरिता शाक्या द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# शीतल मुनि का चातुर्मास का अंतिम प्रवचन के साथ हुआ महामंगल पाठ

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। जय आनंद मधुकर रतन भवन दुर्ग में 5 माह के चातुर्मास का आज अंतिम प्रवचन एवं मंगल पाठ का आयोजन था जैसे-जैसे चातुर्मास समाप्ति का पल नजदीक आता गया वैसे-वैसे लोगों का मन अपने गुरुदेव से विदाई लेते हुए मन भाव विभोर होता हुआ देखने को मिला।



जय आनंद मधुकर रतन भवन की धर्म सभा को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में सामाजिक स्वाध्याय के प्रबल प्रेरक शीतल मुनि ने कहा जिस तरह 5 माह आपने जो धर्म ध्यान श्रद्धा भक्ति से अपने मन को धर्म की ओर मोड़ा है यह श्रद्धा भक्ति हमेशा प्रतिपल बनी रहनी चाहिए आपकी कोई भी मजबूरी हो लेकिन दिन में एक सामयिक करने का संकल्प आप सभी को बनाए रखते हुए इस संकल्प को जीवन पर्यंत निभाना है

मंगल पाठ में जैन समाज का सभी वर्ग विदाई के पल पर भाव विभोर आज मंगल पाठ ठीक 2:00 बजे जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में प्रारंभ हो गया शीतल वर्षावास समिति ने गुरुदेव शीतल मुनि को जय आनंद मधुकर रतन भवन में दुर्ग में चातुर्मास करने पर संघ के सभी सदस्यों ने गुरुदेव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की

सामायिक साधना व अनेकों धार्मिक अनुष्ठानो नवकार महामंत्र जप कार्यक्रम के साथ उच्चता के शिखर पर पहुंचाकर दुर्ग शहर में चातुर्मास का नया इतिहास रच दिया कभी मंदिर, स्थानक न जाने कई लोगों ने धर्म ध्यान से जुड़कर अपने मानव जीवन को सुधारने का कार्य किया। चातुर्मास लगने के बाद से ही जैन समाज के लोगों का ओर अधिक रुझान धर्म ध्यान त्याग तपस्या की ओर लगातार बढ़ती ही गया। प्रतिदिन प्रवचन एवं महामागलिक में लोगों की प्रतयक्ष उपस्थिति धर्म के प्रति अलख जगाने वाले महान साधक श्री शीतल मुनि की प्रेरणा से हजारों की संख्या में लोग रात्रि भोजन त्याग का संकल्प लेकर इस धार्मिक अनुष्ठानों से इस चातुर्मास को सफल बनाया। महा मांगलिक एवं धर्म सभा में जैन समाज के कुछ सदस्यों ने अपनी भावनाएं भी धर्म सभा में व्यक्त की

मंगल पाठ के तुरंत बाद पूज्य गुरुदेव श्री शीतल मुनि जी का बिहार महावीर कॉलोनी की ओर होना था लेकिन बरसात लगातार होने के कारण आज का उनका विहार नहीं हो पाया कल प्रातः वर्षा रुकने के पश्चात 7 से 8 के बीच होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। शीतल छाया वर्षावास समिति के बैनर तले आयोजित इस पांच माह के चातुर्मास में नेमीचंद चोपड़ा एवंता छाजेड़ निर्मल बाफना किशोर बाघमार धर्मचंद लोढ़ा राकेश संचेती राजेश कटारिया राजू सांखला जय पारख मिणाल सांखला चेतन गोलछाअभिनंदन बर्दिया सत्यम भंडारी संदीप बोथरा राजा श्री श्रीमाल कविता भारती श्रीश्रीमाल राजू सांखला का इस चातुर्मास को सफल बनाने में अतुलनीय योगदान रहा धर्म सभा का संचालन श्रवण संघ के पूर्व मंत्री टीकम छाजेड़ एवं मंगल पाठ में कार्यक्रम का संचालन रौनक लुक्कड़ ने लगातार पांच माह तक किया।

# सड़क पर घूमने वाले मवेशियों को पकड़ रही निगम की टीम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** घूमन्तू मवेशी मुक्त शहर बनाने के लिए निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को निगम की टीम अभियान चलाकर पकड़ रही है। कहीं भी झुंड में मवेशियों के बैठे होने की शिकायत पर टीम शीघ्रता से वहां पहुंचकर उन्हें पकड़ने का कार्य कर रही है।



गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेशानुसार आवारा मवेशी मुक्त शहर बनाये जाने के निर्देश कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने दिये है। जिसके लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने विशेष दल का गठन किया है जिसमें शामिल दल के कर्मचारी दो पाली में अभियान चलाकर 3 काउकैचर वाहन के माध्यम से निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में घूम घूम कर मवेशियों को पकड़ रहे है साथ ही सभी प्रमुख बाजार में सुबह एवं शाम के समय फेरा लगा रहे है जिससे कि बाजार में आने वाले नागरिकों को आवारा मवेशियों की वजह से किसी प्रकार की परेशानी न हो।

आयुक्त श्री व्यास के निर्देश पर नवम्बर माह में ही 223 घूमंतु मवेशियों को पकड़कर शहरी गौठान में रखा गया है, जहां पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा पानी एवं रहने के लिए शेड की व्यवस्था है। बता दें कि गौठान में बढ़ रहे पशुओ की संख्या को देखते हुए भिलाई निगम की सीमा जामुल परिक्षेत्र के पास एक नया गौठान का निर्माण किया जा रहा है साथ ही जनपद पंचायत से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण गौठानो में भी जानवरो को रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950